हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025



### हर साल कक्षा 9वीं की छात्राओं को होता है मुफ्त साइकिल का वितरण

# 6500 छात्राओं को साइकिल का इंतजार तीसरी-छठवीं में किताबें अधूरी ही पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हर साल कक्षा 9वीं की छात्राओं को वितरित की जाने वाली मुफ्त साइकिल इस सत्र में अब तक नहीं आ पाई है। फंड के अभाव के चलते प्रदेश स्तर पर ही साइकिल वितरण को लेकर कोई निर्णय नहीं हो पाया है। हालांकि विभागीय स्तर पर सभी जिलों से पात्र छात्राओं की संख्या की जानकारी जरूर मंगाई गई है, लेकिन स्कूल खुलने के लगभग सवा महीने बाद भी साइकिल नहीं मिलने की वजह से जिले की साढ़े छह हजार छात्राओं को पैदल ही स्कूल तक का सफर करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर तीसरी एवं छठवीं कक्षा में अब तक सभी किताब नहीं पहुंच पाई है।

विषय बदलाव के चलते अब तक किताबों का आबंटन ही नहीं हो पाया है। ऐसे में बच्चों को बगैर किताब ही पढ़ाई करनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन हर साल सरकारी एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करने की मंशा से गणवेश, किताबों के साथ ही साइकिल का वितरण करती है। इस बार भी सत्र शुरू होने के बाद जिलेवार संख्या के आधार पर किताबों एवं गणवेश का वितरण कर दिया गया है, लेकिन सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल का आबंटन नहीं हो पाया है। किताबों में भी कुछ जिलो में एक से दो विषयों की किताबों की उपलब्धता नहीं कराई गई है।

**खास बातें**

- हर साल किताबें, साइकिल और गणवेश का होता है वितरण
- जिले में साढ़े छह हजार छात्राओं की सूची भेजी, जल्द वितरण होने की संभावना



#### गणवेश पहुंचे, किताब अधूरी

जिले में पहली से आठवीं तक के लगभग 97 हजार बच्चों को गणवेश वितरण किया गया है। हर विद्यार्थी को गणवेश का दो सेट दिया गया है। ऐसे में लगभग 1.94 लाख गणवेश का वितरण पूरा कर लिया गया है। हालांकि सैकड़ों विद्यार्थियों को उनके साइज से बड़ा गणेवश मिलने की शिकायतें सामने आई है। वहीं जिले में डेढ़ लाख विद्यार्थियों को लगभग पौने सात लाख किताबों का वितरण होना है, परन्तु तीसरी एवं छठवीं में बदली गई पुस्तकें नहीं पहुंची है। दोनों ही कक्षाओं में एक-एक विषय की किताबों का इंतजार है। वहीं अन्य कक्षाओं में भी एक से दो किताबें नहीं आ पाई है।

#### दो करोड़ का लगेगा फंड

मिली जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग ने शासन को जिले में कुल 6500 छात्राओं के पात्र होने की जानकारी भेजी है। पिछले साल प्रति साइकिल लगभग तीन हजार रुपए का आबंटन किया गया था। ऐसे में जिले में 6500 साइकिल के वितरण के लिए दो करोड़ रुपए का फंड लगेगा। हालांकि अब तक यह तय नहीं हो पाया है कि शासन से जिलेवार फंड आबंटित किया जाएगा या फिर सीधे प्रदेश स्तर पर जेम पोर्टल से खरीदी करसाइकिल भेजी जाएगी। विभाग भी स्पष्ट निर्देश के इंतजार में है।

#### 9वीं की छात्राओं को मिलती है साइकिल

शासकीय विद्यालयों एवं अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं की छात्राओं को शाला तक आवागमन की सुविधा प्रदान करने की मंशा से छत्तीसगढ़ सरस्वती साइकिल योजना संचालित की जाती है। इस योजना के तहत पात्रता के लिए भी कुछ नियम तय किए गए हैं। जिसके अनुसार लाभार्थी छात्रा छत्तीसगढ़ राज्य की ही मूल निवासी होनी चाहिए, गरीबीरेखा के नीचे की यानि बीपीएल कार्ड होना चाहिए। अनुसूचित जाति-जनजाति की छात्राएं, जो कक्षा 9वीं की छात्रा हो, इन्हें योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरण किया जाता है।

### अशांति फैलाने के दो आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अशांति फैलाने के दो आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर 24 जुलाई को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांतिभंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर अनावेदक सरजू विश्वकर्मा 42 वर्ष निवासी चिखली शीतला मंदिर रोड एवं पोषण उर्फ गगन रामटेके 21 वर्ष निवासी स्टेशनपारा को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया, जहां से आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

### बैठक 27 को

**राजनांदगांव।** कोसरिया यादव समाज भवन नंदई में आगामी 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा को लेकर बैठक आयोजित की गई है। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा (झांकी) की रूपरेखा की जानकारी बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दी जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र व वार्डों से निकाले जाने वाले झांकी की जानकारी ली जाएगी। साथ ही साथ कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाते पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। जिसमें जन्माष्टमी अध्यक्ष, शोभायात्रा प्रभारी, पूजा प्रभारी, झांकी प्रभारी, मंच संचालक, व्यवस्था प्रभारी इत्यादि पदों का आयोजन का सफल बनाने हेतु चयन किया जाएगा। बैठक में नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव के पदाधिकारीगण, संरक्षणगण, वरिष्ठगण, महिला मंडल, युवा मंडल, वार्ड अध्यक्ष सहित समाज के सदस्यगण उपस्थित होंगे।

### काउंसलिंग 28 को

**राजनांदगांव।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु द्वितीय प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की काउंसलिंग 28 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में आयोजित की गई है। द्वितीय प्रतीक्षा सूची का अवलोकन वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है।

# गोलीकांड के सरगना की गिरफ्तारी के लिए रैली निकालकर घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेत खनन और गोली कांड के मामले से जुड़े संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस ने आज बसंतपुर थाना का घेराव किया। इस दौरान बड़ी संख्या में रैली निकालकर कांग्रेसी थाना पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार करने नारेबाजी की।

शहर के मोहड़ वार्ड में रेत माफिया द्वारा गोली चलाने के मामले को लेकर कांग्रेस ने मुख्य आरोपी संजय सिंह को गिरफ्तार करने की मांग की थी और उसकी जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर बसंतपुर थाना का घेराव करने अल्टीमेटम दिया था। आज बड़ी संख्या में कांग्रेसी नंदई चौक में एकत्रित हुए और यहां से रैली निकालकर मोहड़ वार्ड के ग्रामीणों के साथ थाना का घेराव किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने थाना घेराव करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद घेराव करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, मोहला मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी और डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल को आंदोलन के लिए जिम्मेदारी सौंपी थी। कांग्रेस द्वारा दोनों विधायकों और पूर्व मंत्री की उपस्थिति में बसंतपुर थाना का घेराव किया गया।



#### पुलिस ने दी कार्रवाई की जानकारी

इधर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों के थाना घेराव करने की सूचना पर पुलिस बल तैनात किया गया था। कांग्रेसियों को पुलिस ने थाना परिसर में ही रोका और सीएसपी पुष्पेंद्र नायक और टीआई एमन साहू कांग्रेस नेताओं को गोली कांड के मामले में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी दी। वहीं फरार आरोपी संजय सिंह को जल्द गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया।

#### अब तक 9 आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने कहा कि कांग्रेस पदाधिकारी को बताया गया है कि अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके वाहन और हथियार जब्त हुए हैं। वहीं आरोपियों की चल-अचल संपत्ति की जांच की जा रही है। शीघ्र ही फरार आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया।

#### धरने पर बैठे कांग्रेस नेता, आश्वासन के बाद माने

बसंतपुर थाना का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता थाना परिसर में ही जमीन पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार पर आरोपी को संरक्षण देने का आरोप लगाते नारेबाजी की। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि संजय सिंह मुख्य आरोपी है, जिसे पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। भाजपा सरकार आरोपी को बचाने संरक्षण दे रही है। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मुख्य आरोपी संजय सिंह भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ है, इसलिए उसे बचाने की कोशिश की जा रही है और उसके जगह दूसरे आरोपी को मुख्य आरोपी बनाने की कोशिश की जा रही है।

0 **राजनांदगांव।** जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 29 जुलाई को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रगति के संबंध में चर्चा की जाएगी।

MAHA MONSOON OFFER
Trusted Since 1992
22 कैरेट 916 हॉलमार्क ज्वेलरी मार्केट रेट
91400/-*
प्रति 10 ग्राम
22 कैरेट 916 हॉलमार्क ज्वेलरी सहेली अलंकरण रेट
88900/-*
प्रति 10 ग्राम
IGI प्रमाणित हीरे के आभूषणों में हीरे के मूल्य पर
15% तक की छूट
प्रमाणित हीरे पर 100% एक्सचेंज वैल्यू
फेयर प्राइस पॉलिसी, फेयर मेकिंग चार्जेस, कोई Hidden Charges नहीं
CREATIVE HUB ADVERTISING

सहेली अलंकरण
आकाशगंगा, सुपेला भिलाई
PH:0788-4017778, 9993587675
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई
PH:0788-4017467, 9981322293
Authorised retailer for Chhattisgarh
MMTC-PAMP
वैलेट पार्किंग सुविधा उपलब्ध
T & C Apply*

# हरियाली के बीच हरेली पर बिखरी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरेली पर्व को लेकर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल रहा। इस मौके पर किसानों ने कृषि उपकरणों की पूजा-अर्चना कर बेहतर फसल एवं घर-परिवार में कुशल मंगल की कामना की।

सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को आज अंचल में हरेली पर्व मनाया गया। इस मौके पर गांव-गांव में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया एवं पर्व की खुशियां मनाई गई।

#### कृषि औजारों की पूजा

किसानों ने सुबह से ही कृषि उपकरणों को धो-पोछकर घर के आंगन में पूजा स्थल पर सजाया। वहीं कृषि उपयोगी मवेशियों एवं गौवंश को नहला-धुलाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस मौके पर पारंपरिक व्यंजन अर्पित किए गए। किसानों ने खेत-खलिहान में जाकर भी पूजा-अर्चना की एवं बेहतर फसल की कामना की। गांव-गांव में दिनभर विविध कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा।



#### शनिदेव का विशेष अभिषेक

इधर शनि मंदिर में भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना व हवन किया गया। भगवान शनिदेव का विशेष अभिषेक कर लोगों ने मंगल कामना की। पर्व पर दान-पुण्य में भी लोगों की व्यस्तता रही। कामठी लाइन एवं रानीसागर तट स्थित शनि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों के पहुंचने का क्रम दिनभर बना रहा। हरियाली के बीच पारंपरिक रूप से हरेली पर्व मनाकर खुशियां बांटी गई।

#### पारंपरिक खेलों का माहौल

किसानों का प्रमुख पर्व हरेली पर्व बच्चों से लेकर युवा वर्ग के लोगों ने बांस से बनाई गई गेडी में चलकर भी लुत्फ उठाया। वहीं पारंपरिक खेल रस्सी खींच, खो-खो इत्यादी खेलों में भी व्यस्त रहे। चित-परिचत एवं रिश्तेदारों को पर्व पर भोजन पर आमंत्रित किया गया। सुबह से लेकर देर रात तक गांव-गांव में चहल-पहल का माहौल रहा। पर्व पर घर-घर में नीम की पत्तियां लगाई गई। मंदिरों में भी पूजा-अर्चना कर दौर रहा।

### खबर संक्षेप



## उल्लास से मनाया आजाद की जयंती

**पटेवा।** ग्राम के आजाद चौक में चन्द्रशेखर आजाद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरपंच प्रतिनिधि रविलाल वर्मा एवं भाजयुमो नेता प्रमोद दुबे के मार्गदर्शन में चन्द्रशेखर आजाद की मूर्ति की पूजा अर्चना ग्रामीणों ने किया। भारत माता की जयघोष के साथ आजादी दिलाने वाले महापुरुषों को याद किया गया। इस अवसर पर दीपक साहू, रोहित साहू, गंगा राम साहू बिल्लू साहू, गोपाल ढीमर, संतोष वर्मा, कोमल मैथिल क्षत्रीय, कृपाराम साहू, श्याम साहू, जितेंद्र रखवार,अलख धनकर, गौतमए ईश्वरी साहूए सुकालू साहू, रोहित निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

## शिक्षकों को विदाई और स्वागत



**साल्हेवारा।** संकुल केंद्र बकरकट्टा और कुम्हरवाड़ा के तत्वावधान में हाई स्कूल कुम्हरवाड़ा में शिक्षक विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि चिंताराम मेरावी, एसएमडीसी अध्यक्ष दीनूदास मानिकपुरी आदि शामिल हुए।मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षिका सुशीला बघेल थी। श्रीमती बघेल 40 वर्षो तक सेवा देकर गत 30 जून को सेवानिवृत हुई है। उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए शिक्षकों ने विदाई दिया। इसी प्रकार युक्तियुक्तकरण के तहत अन्य शालाओं में पदांकित शिक्षक टीकाराम देशमुख, हेमशंकर पटेल, छत्रपाल यादव, प्रेमलता जोशी को भी विदाई दिया गया। संकुलों में आए शिक्षक रघुनंदन मरावी, देवलाल वर्मा, खिलेंद्र साहू, जंगलूराम अहिरवार, मुकेश देशमुख, भावेश देवांगन का स्वागत किया गया।

## ग्रामीण अंचलो में धूमधाम से मनाया गया हरेली का त्यौहार



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव घोरपेंड्री बसनी भगतपुर धनेली मोहतरा कला पीपरमाटी कंझेटा कुंडा दामापुर सहित आसपास की क्षेत्र में हरियाली त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया सुबह से ही त्यौहार का उत्सव देखने को मिला घर-घर में छोटे-छोटे बालक बालिका हरियाली के पावन पर्व पर गेड़ी का आनंद उठाते हुए सड़क पर दिखा एवं किसान लोग अपने जीविका खेती किसानी का साधन का विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया हरियाली त्यौहार सबसे पहले त्यौहार है जिसका कुछ अलग अंदाज ही रहता है घर-घर में खाने का अनेक प्रकार का पकवान बनाया गया।

## मुंबई में चातुर्मास्य गोप्रतिष्ठा यज्ञ व्रत में शामिल होने कवर्धा से सैकड़ो श्रद्धालु रवाना

**कवर्धा।** ज्योतिर्मठ शंकराचार्य महराज के सीइओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया की यह आयोजन भव्य धार्मिक और विशाल स्तर मे आयोजित किया जा रहा है, उन्होंने आगे बताया कीर महाराष्ट्र के मुम्बई महानगर में अपना चातुर्मास्य व्रत सम्पन्न कर रहे हैं 'परमाराध्य' परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती '१००८' जी महाराज जिस कार्यक्रम मे कवर्धा से पुर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी और उमंग पाण्डेय के साथ लगभग 4 सौ भक्तगण जा रहे है,चतुर्मास्य स्थल कोरा केंद्र मैदान 2,3 आरएम भट्टर रोड, आदित्य कॉलेज के सामने, प्लस डायगोनेस्टिक सेंटर के बाजु मे बोरीवली पश्चिमी महाराष्ट्र मे आयोजित हो रहा है।

### कृषि यंत्रों और पशुधन की पूजा किया किसानों ने

# खेतों में छाई हरियाली, गांव-गांव में बिखरी हरेली पर्व की खुशियां

### गेड़ी सहित पारंपरिक खेलों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

धान के कटोरा में हरियाली बिखरने के बाद पहला पारंपरिक पर्व हरेली गुरूवार को उत्साह के साथ मनाया गया। किसानों ने खेती किसानी में काम आने वाले यंत्रों और पशुधन की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। वहीं बच्चों और युवाओं गेड़ी पर चलकर जश्न मनाया। पर्व के चलते ग्रामीण इलाकें में कृषि सहित अन्य काम बंद रहे जिसका असर व्यापार पर भी देखने मिला। दोपहर बाद बहुसंख्यक दुकानों में ताला लटका नजर आया वहीं सड़कों पर लोगों की आवाजाही नहीं के बराकर रही।

सावन अमावस्या को फसल बोआई के बाद आए पहले त्यौहार को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा है। किसानों ने कृषि उपकरणों एवं गौधन की पूजा अर्चना किया। मवेशियों को चीला एवं लोंदी खिलाकर बेहतर फसल के लिए आशीर्वाद लिया। पर्व की परंपरा अनुसार बुरी नजर से दूर रखने तथा कुशल मंगल के लिए यादव बंधुओं ने ग्रामीणों के घरों में नीम की टहनियां लगाया वहीं लोहारों ने चौखट में कील ठोका। बच्चे और जवानों ने गेड़ी का मजा लिया। कुछ गांव में पारंपरिक खेल का आयोजन किया गया।



### श्री सिद्ध बाबा मंदिर में पौधरोपण

सावन अमावस्या के मौके पर घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर सुरक्षा की जिम्मेदारी लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने लोगों को स्वच्छ पर्यावरण का महत्व बताकर वर्षा जल को संरक्षित करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में श्री सिद्ध बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष रोहित जंघेल, युवराज ठाकुर, संतोष कुमार, हेमंत कुमार, गुलशन जंघेल, दानीराम, नीलकंठ, गैंदूराम, इंदिरमा राम, बिसाहू राम, गोविंद ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।





### परमालकसा में पौधों का वितरण

**सोमनी।** ग्राम पंचायत परमालकसा में सरपंच परमीला साहू के नेतृत्व और उपसरपंच, पंचों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपण करने पौधा वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधेरोपण कर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में सहयोग करने की अपील किया।

### गेड़ी प्रतियोगिता में निखिल प्रथम

**खड़गांव।** हरेली त्यौहार के मौके पर गांव में बच्चों के लिए गेड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो फीट से लेकर लगभग सोलह फीट गेड़ी प्रतियोगिता में शामिल होकर बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम चरण में निखिल मंडावी, नितीन मंडावी और प्रियांशु मंडावी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। चौदह फुट गेड़ी चलाने का प्रथम पुरस्कार निखिल मंडावी को मिला। द्वितीय पुरस्कार नितीन मंडावी और तृतीय प्रियांशु मंडावी को दिया गया। गेड़ी प्रतियोगिता को सभी बच्चों में उत्साह का माहौल था। विजेताओं को न्यू सजावट महासेल की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मनीष विश्वकर्मा, खिलेश साहू, अर्पित रावटे, हर्ष धुर्वे, रिहान धुर्वे, विवेक चंद्रवंशी, कुणाल धुर्वे, कृशान मंडावी, डुग्गु गावड़े, सूर्यकांत धुर्वे, नंदलाल मौजूद थे।



# प्रसाधन एवं प्रतीक्षालय की मांग सालों से लंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

लोगों के लिए बस स्टापेज स्थल पर यात्री प्रतीक्षालय एवं प्रसाधन की व्यवस्था प्रमुखता से किया जाता है परन्तु नर्मदा बस स्टैंड में दोनों सुविधा लापता हैं। यहां दो प्रतीक्षालय बनाया गया था जो जर्जर हो गए हैं। यह ऐसी जगह पर बनाया गया है जहां बस यात्री न के बराबर होते है। यहां सार्वजनिक प्रसाधन की व्यवस्था नहीं है। महिलाओं के लिए यह समस्या गंभीर बनी रहती है। ग्राम के बसंत सिन्हा, गुफरान मिर्जा ने बताया कि यहां के ग्रामीण एक दशक से नर्मदा चौक के समीप प्रसाधन की मांग कर रहे हैं किन्तु यह मांग आश्वासन में सिमटा रह गई है। प्रसाधन सुविधा नही होने से महिला यात्रियों को काफी परेशान होना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि नर्मदा चौक पर राजनांदगांव, कवर्धा, साल्हेवारा, बालाघाट, सिवनी की ओर जाने वाले यात्री ठहर कर जाते है। नर्मदा जिला के प्रमुख बस स्टापेज में से एक है परन्तु इस चौक में मूलभूत सुविधा का अभाव है। सुविधा के आभाव में यात्रियों को परेशान होते देखा जा सकता है। चौक में यात्रियों के ठहरने, पेयजल, प्रसाधन की व्यवस्था नहीं है। यहां कवर्धा, राजनांदगांव एवं साल्हेवारा मार्ग पर यात्री प्रतीक्षालय बनाया गया है जो रखरखाव के आभाव में जर्जर हो गया है। राजनांदगांव साल्हेवारा मार्ग का प्रतीक्षालय ढ़ाई साल पहले बनाया गया है जो अब मवेशियों का अड्डा बना हुआ है। प्रतीक्षालय का कुर्सी भी जीर्णशीर्ण अवस्था में है। कचरा चारों ओर बिखरा रहता है। राजनांदगांव मार्ग पर स्थित प्रतीक्षालय में कूडा कचरा से भरा है।

### उपयोगहीन प्रतीक्षालय

यहां तीन प्रतीक्षालय है लेकिन कोई भी उपयोग लायक नहीं है। जहां बस रुकती है वहां एक भी प्रतीक्षालय नहीं है। तीनों प्रतीक्षालय का निर्माण तीन दिशा में दूर दूर किया गया है जिस वजह से उपयोग नही हो पाया है। प्रतीक्षालय में शाम होते ही असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है।

### जगह उपलब्ध कराने की अपील

प्रसाधन व्यवस्था को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने बताया कि पंचायत एवं विभाग द्वारा नर्मदा चौक के आस पास प्रसाधन व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है किन्तु स्थानाभाव के चलते निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राहगीरों की समस्या को देखते हुए लोगों से जगह उपलब्ध कराने की अपील की है ताकि वर्षों से लंबित मांग पूरी हो सके।

# माया छोड़े बिना मोक्ष संभव नहीं शिव पुराण कथा का वाचन जारी

**डोंगरगढ़।** छिरपानी स्थित माँ बम्लेश्वरी धाम में आयोजित पंच कुण्डीय रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस नारद मोह, रुद्राक्ष की उत्पत्ति तथा शिवलिंग पूजा के महत्व पर कथा का वाचन किया गया।

कथा का शुभारंभ देवर्षि नारद के मोह प्रसंग से हुआ० बताया गया कि नारद ने शिव कृपा से यह अनुभव किया कि अहंकार, ज्ञान और तप के बाद भी जब तक माया पर विजय प्राप्त नहीं होगी् तब तक मोक्ष संभव नहीं है। यह प्रसंग दर्शाता है कि शिव स्वयं माया के अधिपति हैं और उनकी भक्ति से ही जीवन का उद्धार संभव है। रुद्राक्ष की उत्पत्ति कथा में पूज्य गुरुदेव ने बताया कि जब भगवान शिव ध्यानावस्थित होकर सृष्टि कल्याण हेतु चिंतन कर रहे थे, तब उनकी आंखों से बहा आँसू धरती पर गिरा, जिससे रुद्राक्ष का जन्म हुआ।

रुद्राक्ष न केवल एक दिव्य बीज है, बल्कि भगवान शिव का प्रत्यक्ष आशीर्वाद है। उसे धारण करने से पाप नष्ट होते हैं और साधक को ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति होती है। शिवलिंग पूजा की महिमा बताते हुए कहा कि शिवलिंग केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि सृष्टि के आदि और अनंत स्वरूप का प्रतिनिधित्व करता है। इसकी उपासना से जन्म-जन्मांतर के कर्म बंधन छूटते हैं और आत्मा शिवमय हो जाती है। गुरुदेव ने बताया कि जो व्यक्ति नित्य श्रद्धा से शिवलिंग की पूजा करता है, वह संसार सागर से पार हो जाता है।



# नवोदय विद्यालय की समस्याओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

जवाहर नवोदय विद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में बुधवार को विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी, परचेज कमेटी और जिला स्तरीय मेस कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर हितेश्वरी बाघे, जनपद पंचायत अध्यक्ष लता सिन्हा, बीईओ वीरेन्द्र कौर गरचा, सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरत्न, खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ श्री सोनकले, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश यादव, केवी डोंगरगढ़ के प्राचार्य एसआर कुजुर, पालक प्रतिनिधि सरला साहू और त्रिलोक चौरे शामिल हुए। विद्यालय की ओर से प्राचार्य संजय मंडल, शिक्षक ओपी चौरसिया, एसके बिसेन, स्नेह अग्रवाल, एसके वर्मा, अनिल पॉल, जानकी उइके, अर्चना, उमा धुर्वे सहित अन्य मौजूद थे।



प्राचार्य श्री मंडल ने अतिथियों को गमला भेंटकर स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। शिक्षक श्री चौरसिया ने विद्यालय की प्रमुख आवश्यकताओं पर बिंदुवार प्रकाश डाला। उन्होंने ओवरहेड टैंक निर्माण, बधियाटोला से विद्यालय तक सड़क चौड़ीकरण, विद्यालय परिसर में सड़क निर्माण और विभिन्न स्किल विषयों के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण की बात रखा।संयुक्त कलेक्टर हितेश्वरी बाघे ने विद्यालय की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की ओर से सहयोग देने की सहमति दी।

### पढ़ाई पर जताया संतोष

पालक प्रतिनिधि त्रिलोक चौरे और सरला साहू ने विद्यालय की पढ़ाई और सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षक और प्रशासन की सराहना की। सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर सभी अतिथियों ने प्रसन्नता जाहिर की। बैठक के अंत में अतिथियों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके पश्चात डिस्ट्रिक्ट लेवल मेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिक्षक अशोक बिसेन ने मेस में संचालित गतिविधियों, भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।संचालन पीजीटी आरके चंद्रा ने किया।

## रोहित यादव को मिली नई दिशा

**छुरिया।** नगर के वार्ड नं. 13 के निवासी रोहित यादव को सुनने और समझने की नई दिशा मिल गई। यह संभव हुआ नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल के प्रयास और सांसद संतोष पाण्डे के सहयोग से। श्री पटेल के प्रयास और सांसद श्री पाण्डे के सहयोग से रोहित को श्रवण यंत्र मिला है जिससे उसकी श्रवण शक्ति वापस मिल गई है। अब रोहित यादव बहुत खुश हैं क्योंकि अब वह लोगों की बातचीत सुन और समझ सकता है। नगर अध्यक्ष अजये पटेल के इस सहयोग के लिये रोहित यादव ने आभार जताया है।



# 41 साल सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षक को विदाई

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत ढाबा के स्कूल में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक मोहम्मद इब्राहिम खान का सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने उनका शाल श्रीफल और अन्य उपहार देकर सम्मान करते हुए कृतज्ञता प्रगट किया। सेवानिवृत्त श्री खान ने 41 साल 3 महीने तक शिक्षा विभाग में अपनी गौरवपूर्ण सेवा दी। उन्होंने शिक्षण करियर 15 फरवरी 1984 को प्राथमिक शाला पेण्डरवानी में सहायक शिक्षक के रूप में शुरू किया था। उन्होंने बीटीआई खैरागढ़ में प्रशिक्षणार्थी शिक्षक के रूप में कार्य किया और प्राथमिक शाला टिकरीपारा के बाद पेण्डरवानी में पदस्थ रहे। 9 सितंबर 2008 से 26 अगस्त 2015 तक प्राथमिक शाला बरबसपुर में प्रधानपाठक रहे। 27 अगस्त 2015 को उच्च वर्ग शिक्षक के रूप में पदोन्नत होकर पूर्व माध्यमिक शाला ढाबा में कार्यभार ग्रहण किया। विदाई कार्यक्रम के बाद बाजे गाजे के साथ उन्हें वार्ड 7 स्थित निवास तक पूरे सम्मान के साथ पहुंचाया गया। इस दौरान सरपंच पम्मी हेमंत वर्मा, शाला समिति के अध्यक्ष बोधराज देवांगन, पुकराज धुर्वे, गोविंद धनकर, टिकेंद्र धुर्वे, योगेश धनकर, मुकेश वर्मा, लेखन वर्मा, समयलाल धनकर,फग्गुन खुसरो, जगेशर वर्मा, सुखदेव यादव, श्रीराम यादव, नीलम वर्मा, बेंगलाल वर्मा, रामकुमार वर्मा, दानिदास मानिकपुरी ,सीतालाल पटेल, श्यामूदास मानिकपुरी, उर्मिला वर्मा, सोना यादव, गज्जू मेरावी, सुरेश वर्मा, चेतन वर्मा, रेखाबाई वर्मा, सरस्वती धुर्वे, रतनी वर्मा, गणेशीया खुसरो, पूर्णिमा धुर्वे एवं प्राचार्य नीलिमा नेताम, रमा बघेल, गौरीशंकर मेश्राम, नंदू सी खुसरो, द्वारिका यादव, चंद्रमणि चौबे, जीवन देवांगन, दुर्जन जंघेल, खेमलाल जंघेल, भागचंद साहू, महेश वर्मा, तोकराम सिन्हा, योगेंद्र कोसरिया, प्रदीप चौधरी, हेमराज भारती, घनश्याम ठाकुर, योगेंद्र कश्यप, रामविलास साहू, वंदना सैमान, राजेश श्रीवास्तव, गिरवर साहू, संजय, अशोक चंदेल, गोकुल वर्मा, पूरन वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



### अंचल के 21 गांव के 6502 उपभोक्ताओं को होगा फायदा

# पैलीमेटा में नया ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत जिले के ग्रामीण बिजली उपभोक्ता एवं किसानों को समुचित वोल्टेज पर निर्बाध एवं गुणावत्तापूर्ण बिजली मुहैया कराने विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी दिशा में खैरागढ़ संभाग के पैलीमेटा में 3.15 एमव्हीए का नया अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित कर कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने ऊर्जीकृत किया। इस अवसर पर ईई परियोजना मुकेश साहू, ईई खैरागढ़ संभाग एके द्विवेदी, ईई एसटीएम एडी टंडन, सहायक अभियंता किरण जांगड़े, ममता कर्मकार एवं अन्य उपस्थित थे।



### धोधा उपकेंद्र से 10 गांव को फायदा

धोधा 33/11 केवी सबस्टेशन में 73 लाख की लागत से 3.15 एमवीए का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इससे उपकेंद्र की क्षमता 3.15 एमवीए से बढ़कर 6.30 एमवीए हो गई है। श्री सेलट ने बताया कि इस विस्तार से धान के मौसम में होने वाली लो वोल्टेज और लोड शेडिंग की समस्या से निजात मिलेगी। छिराहीडीह, मजगांव, बागुर, गोकना, पर्थरा, भुरभुसी, धोधा, बिरनपुरकला, कालेगोंदी और हनईबंन सहित 10 ग्रामों के 4233 उपभोक्ता और किसान अब बेहतर विद्युत आपूर्ति का लाभ उठा सकेंगे।

### उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

खैरागढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक द्विवेदी ने बताया कि पैलीमेटा उपकेन्द्र में 73 लाख की लागत से स्थापित अतिरिक्त 3.15 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से 21 ग्रामों के 6502 उपभोक्ताओं को फायदा होगा। पैलीमेटा उपकेन्द्र की क्षमता 5 एमव्हीए से बढ़कर 8.15 एव्हीए हो गई है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से पैलीमेटा उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांव के किसानों तथा उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर निर्बाध एवं गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति होगी।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति
स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



100% CAMPUS PLACEMENT

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप



### लोगों के भरोसे से सेवादल की जीत

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव में सेवादल पेनल की जीत पर केशव नरेडी सहित अन्य सदस्यों ने इसे माता जी के आशिर्वाद से सेवा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं शहर विकास के वादे की जीत बताया है। 3 साल पूर्व भी लोगों ने सेवा दल पर भरोसा जताया था। जिसमें 15 में से 9 ट्रस्टी जीते थे। हाल के ट्रस्ट चुनाव में 15 सदस्यों में 13 सदस्यों को जीता कर ट्रस्ट समिति के सदस्य एवं भक्तो ने एक बार फिर फिर मां बम्लेष्वरी के सेवा का अवसर दिया है। उन्होंने सभी नगर वासियों का आभार व्यक्त किया है।

### विकास में रमन का योगदान स्वागतेय



**राजनांदगांव।** विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत नगर की विभिन्न योजनाओं के लिए 63 करोड़ की राशि स्वीकृत करने श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा मुख्यमंत्री एवं डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। जारी विज्ञप्ति में समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन ने बताया है कि विधायक डॉ. रमन सिंह विगत 25 वर्षों से केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक एवं मुख्यमंत्री के पद पर रहते राजनांदगांव नगरीय एवं जिला के विभिन्न नगर एवं ग्रामों की विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। जिसके अंतर्गत अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा महा., एस्ट्रोटर्फ, शिवनाथ नदी तट का विकास, उच्च स्तरीय पुल व तटबंध एवं घाट का निर्माण शामिल है।

### डाकपाल के घर से एक लाख 22 हजार की चोरी

**डोंगरगांव।** थाना क्षेत्र के आमगांव में पोस्ट आफिस में डाकपाल के पद पर पदस्थ कर्मचारी के घर से पेटी में रखे 1 लाख 22 हजार रुपए अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर फरार होने का मामला सामने आया है। प्रार्थी कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलेश्वर भुआर्य पिता सखराम निवासी आमगांव ने शिकायत दर्ज कराई है कि पोस्ट आफिस में डाकपाल के पद पर पदस्थ है। उसके घर के बाहरी कमरे में पोस्ट ऑफिस संचालित है। वह पोस्ट आफिस बांधाबाजार से एक लाख रुपए लेन-देन करने लाया था और घर के अपने बेडरूम के पेटी में 1 लाख 22 हजार को रखा था। अज्ञात चोर रकम चोरी कर ले गया है। पुलिस जुर्म दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

### विभागों के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा

# सभी नागरिकों को मिले शासन की योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

## जनहित से जुड़े प्रकरणों में लेट लतीफी पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक मे कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की गहन समीक्षा बाद स्पष्ट निर्देश दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विद्युत, नगरीय प्रशासन सहित अन्य प्रमुख विभागों के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का निष्पादन प्रत्येक अधिकारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जनहित से जुड़े प्रकरणों में लेट-लतीफी पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने कहा। जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में पाठ्यपुस्तक वितरण की समीक्षा दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अधिकांश विद्यालयों में पुस्तक वितरण पूर्ण हो चुका है, शेष में जल्द वितरण किया जाएगा।

साथ ही शाला निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति पर भी नजर रखी जा रही है और विलंब से पहुंचने वालों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी जा रही है। कलेक्टर ने खाद्य विभाग से पीडीएस दुकानों के माध्यम से चावल वितरण की अद्यतन जानकारी लेते हुए कहा कि कोई भी हितग्राही राशन से वंचित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग से जिले में मलेरिया व जलजनित रोगों की रोकथाम की तैयारियों को लेकर जानकारी बाद उन्होने आवश्यक निर्देश दिया।



### सेवानिवृत्ति के दो साल पहले तैयारी करने कहा

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मे जिले के विभिन्न विभागों में लंबित 138 पेंशन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक निर्माण, जल संसाधन, वन, स्वास्थ्य, राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारियो की मौजूदगी मे कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने सभी विभागों को लंबित मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने विशेष रूप से शिक्षा विभाग को खैरागढ़ व छुईखदान ब्लाक के बीईओ को निर्देशित किया कि प्रकरणों की संख्या अधिक होने के कारण प्रकरणवार निराकरण की कार्ययोजना तैयार करें। जिला कोषालय अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि वित्तीय निर्देश क्रमांक 28/2018 के अनुसार सभी विभागों को यह सुनिश्चित करना है कि पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवानिवृत्ति के दो साल पहले से प्रारंभ कर ली जाए। जिसमें वेतनमान, समयमान की जांच संयुक्त संचालक कोष, लेखा व पेंशन से और न मांग न जांच प्रमाण पत्र नियंत्रण अधिकारी के माध्यम से प्राप्त किया जाना शामिल है। उन्होंने कहा कि समय पर प्रारंभिक कारवाई से पेंशन संबंधी विलंब से बचा जा सकता है।

### ई-कोर्ट प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व विभाग से एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों के आईडी पंजीयन, बटांकन प्रकरणों और ई-कोर्ट में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और इन कार्यों को प्राथमिकता में लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि आगामी 30 जुलाई को राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी में समीक्षा बैठक प्रस्तावित है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि राज्यपाल द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं एवं निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ ही सभी योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन की स्थिति प्रस्तुत करे। बैठक में अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान-गंडई अविनाश ठाकुर सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मदराकुही हाईस्कूल में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत शासकीय हाईस्कूल मदराकुही में जिपं केसीजी उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के जन्मदिन पर वृहद रूप से पौधारोपण किया गया।

हाईस्कूल परिसर मे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिपं सभापति दिनेश वर्मा, भाजपा नेता व जनपद सदस्य खेमराज जैन व डीएफओ पंकज सिंह राजपूत की उपस्थिति में फलदार, छायादार व औषधियुक्त पौधों का रोपण किया गया। सभी ने पर्यावरण संतुलन के बेहतर कार्य करने व अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के साथ उसके पेड़ बनते तक पूरी तरह से देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच शकुन पटवा, प्रतिनिधि अजय पटवा, पूर्व जनपद सदस्य पूकराम सिन्हा, पूर्व सरपंच उत्तम सिन्हा, उप सरपंच मनोज सिन्हा, प्राचार्य शिवलाल साहू, महेश साहू, रवींद्र वर्मा, आदर्श बहादुर सिंह, मँथीर वर्मा, डोरेलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जनपद सभापति ने रोपा पौधा

ब्लाक के शासकीय हाईस्कूल दिलीपपुर में युक्तियुक्तकरण तहत शिक्षकों के स्थानांतरण पर विदाई और एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत कार्यक्रम में जनपद सभापति शैलेंद्र मिश्रा शामिल हुए। शाल, श्रीफल भेंटकर शिक्षकों को विदाई दी गई। सभापति शैलेंद्र मिश्रा सहित शाला स्टाफ ने उनकी कार्यकुशलता और शिक्षा को लेकर उनके कार्य को सराहनीय बताया। अभियान तहत शाला परिसर मे फलदार, छायादार पौधे रोपकर उनके

### हरडुवा में गौरक्षक समिति का गठन

**राजनांदगांव।** ग्राम हरडुवा में गत दिनों सुनील वर्मा के नेतृत्व में गायों की सुरक्षा और फसलों को ही रहे नुकसान के बचाव के लिए गांव में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान गौ रक्षा समिति के गठन की जानकारी देकर ग्राम में गांवों की सुरक्षा एवं देखभाल, गौठान की मरम्मत के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की गई। सुनील वर्मा ने गायों की सुरक्षा के साथ ही पैरादान, श्रमदान, धनदान करने अपील की। ग्रामवासियों के लिए फसलों की सुरक्षा, संरक्षण एवं देखभाल के लिए जो गठित समिति की, ग्रामीणों ने सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर सरपंच गंगेश्वर वर्मा, उपसरपंच ऋषि वर्मा, ग्राम प्रमुख अश्विनी जंघेल, संतराम साहू, शिवेंद वर्मा, बालाराम, राजेश, सुनील वर्मा एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त जानकारी रोहित वर्मा ने दी।

# कल के लिए आज से बचाएं जल



**तुमड़ीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष जामुन बाई साहू एवं युनिसेफ के जिला समन्वयक विनोद टेम्बुरकर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर पद्मश्री श्रीमती यादव, प्राचार्य ने किया। श्रीमती यादव ने छात्र-छात्राओं को अपने जीवन की तकलीफों और संघर्षों से अवगत कराते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ अपने जीवन को गढ़ना आवश्यक हैं। जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर उन्होने बताया कि जल है तो कल है, यह यूं ही नही कहा जाता। यह जल का महत्व दर्शाता है कि पानी हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी है इसलिए जल का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भोजन के बिना आदमी जिंदा रह सकता हैं, लेकिन पानी के बिना तीन दिन से अधिक जिंदा नहीं रह सकता। उदबोधन की कड़ी में ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती साहू एवं जिला समन्वयक श्री टेम्बुरकर ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर विद्यालय में पौधरोपण कर सुरक्षा की शपथ लिया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण में उत्कृष्ट कार्य हेतु थंगेश्वर साहू को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य महोदय अशीम यदु, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, थंगेश्वर साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेन्द्र कश्यप, नोहर लिल्हारे, पालक वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, रिचा चन्द्राकर, हेमिन ठाकुर, दानेश्वर साहू उपस्थित थे।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को

## जूता, फुल शर्ट और महिलाओं के लिए कान की बाली होगी वर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार 27 जुलाई को जिले में किया जाएगा। परीक्षा की तैयारी को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों, उड़नदस्ता दल व सुरक्षा अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

परीक्षा नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे ने बताया कि जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्र जिसमें 10 खैरागढ़ और 2 केंद्र छुईखदान में स्थापित हैं। परीक्षा में 3050 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा एक पाली में 11 बजे से दोपहर सवा एक बजे तक आयोजित होगी।

परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य होगा, ताकि फिस्किंग और पहचान पत्र का सत्यापन समय पर किया जा सके। व्यापम के नियमानुसार परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व, यानी साढ़े दस बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने सभी परीक्षार्थियों से समय का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर ने व्यापम के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने कहा।

जिला समन्वयक डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे ने सभी परीक्षा अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण साथ परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षार्थियों को केवल काले या नीले बाल पेन का उपयोग करने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का एकतरफा प्रिंट लाना आवश्यक होगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर आना होगा जबकि फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी। कानों में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित होगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या पैन कार्ड में से कोई एक अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। यदि प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं है तो अभ्यर्थी को दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, संचार उपकरण, स्मार्टवॉच, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, पाउच आदि सामग्री पूर्णतः वर्जित रहेगी। उन्होने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता व पारदर्शिता सुनिश्चित करने प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां कर ली हैं और परीक्षार्थियों से अपेक्षा की है कि वे निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें।

# शंकरपुर में सांई की मूर्ति स्थापना, शाम को भजनों की प्रस्तुति




**राजनांदगांव।** शंकरपुर वार्ड नंबर 09 में 17 जुलाई को श्री सांई बाबा की मूर्ति स्थापना हुई तथा प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान सांई बाबा की पूजा-अर्चना कर जल अभिषेक किया गया। बाबा को भोग लगाने के पश्चात प्रसादी में फल, हलवा, खीर-पूड़ी व सब्जी वितरण किया गया।

संध्या 7 बजे से भजन गायक सुनील बंसोड़ ने सांई भजनों की प्रस्तुति दी। जिसमें सांई बाबा के महिमा का बखान किया गया। सुनील ने गणेशजी एवं मातारानी का स्मरण कर उक्त कार्यक्रम में भोलेनाथ पर, श्रीराम, हनुमान जी के भजनो की शानदार प्रस्तुति दी। अन्य कलाकार आरगन में पुखराज सिन्हा, तबला भूपेंद्र सेन, ढोलक दिनेश साहू, पैड में हरीश यादव ने संगत दी। कोरस में चुन्नीलाल साहू, रोशन शेंडे, राजेंद्र रामटेके शामिल थे। कार्यक्रम में जनमानस ने भजनों का भरपूर आनंद उठाया। आयोजन में अशोक कोर्राम, गुरुदत्त वर्मा, कौशल देवांगन, रेखालाल वर्मा, गणेश श्रीवास्तव, गोविन्द गजभिये, चुन्नीलाल साहू, बिट्टू विक्की वैष्णव, गंगाराम, राजू राजा देवांगन, हेमंत सिन्हा, प्रहलाद सिन्हा, रजनीश बड़गे, चेतन वर्मा, राजेश साहू, पारस साहू, रोहित साहू, नंदकुमार देवांगन, देवेश सिन्हा, डॉ. पन्नालाल सिन्हा, त्रिलोकी साहू एवं अन्य का विशेष सहयोग रहा।

# हरेली पर्व पर आरला में खेल स्पर्धा आयोजित



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत आरला में हरेली तिहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हरेली तिहार के उपलक्ष्य में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच साधना राहुल साहू ने पूजा-अर्चना कर किया। सरपंच साधना ने ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की और प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव में परस्पर आपसी भाईचारा, प्रेम, स्नेह का संचार होता है। प्रतिस्पर्धा में रस्सी खींच, कुर्सी दौड़, जलेबी चम्मच, मटका फोड़ सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया। महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपसरपंच शशिकला देवांगन, पंचगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सोनपुरी में कृषक सूचना व सलाह केन्द्र का शुभारंभ



**खैरागढ़।** राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी मे कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कृषक सूचना व सलाह केन्द्र का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण कृषकों को नवीनतम कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर कृषि क्षेत्र में उन्हें आत्मनिर्भर बनाने केन्द्र की स्थापना की गई है। जहाँ प्रतिदिन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों की उपस्थिति में कृषकों को धान, सोयाबीन, टमाटर जैसी प्रमुख फसलों की उन्नत खेती, समस्याओं का समाधान, वैकल्पिक फसल प्रणाली के साथ जैविक खेती व ऑयल पॉम प्लांटेशन के लाभों की जानकारी दी जाएगी। शुभारंभ दौरान मृदा नमूना परीक्षण यंत्र का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया, जिससे किसान अपनी मिट्टी की गुणवत्ता जानकर उचित फसल चयन कर सकें। इस अवसर पर आईसीएआर सदस्य व प्रगतिशील कृषक बिसेसर दास साहू, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक उद्यानिकी स्नेहलता सिन्हा, उद्यानिकी अधिकारी रविन्द्र कुमार मेहरा, महाप्रबंधक उद्योग प्रणय बघेल, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि, सोनपुरी के सरपंच प्रतिनिधि गुणेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे।

## घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण की दी जानकारी

# प्री मैट्रिक गर्ल्स हॉस्टल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय राजनांदगांव द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत के मार्गदर्शन में प्री मैट्रिक बालिका छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर ने राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं, लोक अदालत व मध्यस्थता के लाभ, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, मोटर यान अधिनियम तथा अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

### पाक्सो एक्ट के बारे में बताया

साथ ही उपस्थित छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि नाबालिग के साथ प्रेम संबंध में सहमति से यौन संबंध बनाया जाता है, तब भी पाक्सो कानून लागू होगा. ऐसे मामलों में कानून की जानकारी नही होने की दलील नहीं दी जा सकती। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसके आधार पर अदालत ऐसे मामलों में सजा में किसी तरह की राहत नहीं दे सकतीं। उन्होने कहा कि युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को ऐसे कानूनों के परिणामों के बारे में जागरूक करने की जरूरत है, खासकर स्कूलों और कॉलेजों को इन कानूनों के बारे में जागरूकता पैदा करने के बारे में सोचना और काम करना जरूरी है। उन्होने जीवन में सफलता प्राप्त करने सबसे पहले लक्ष्य बनाने और उसे हासिल करने तक स्वयं पर विश्वास और आस्था रखने कहा। पैरालीगल वॉलिंटियर गोलू दास साहू ने उपस्थित छात्राओं को शिक्षा का महत्व समझाते हुए उन्हे नियमित रूप से विद्यालय जाने की समझाईश दी। शिविर संचालन पीएलवी गोलू दास साहू और आभार हॉस्टल वार्डन विनीता कोसरे व क्रिस्टीना दास ने किया।

# कुलपति ने कृषि उपकरणों की पूजा अर्चना कर मनायी हरेली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा की पहल पर इस साल पहली बार हरेली पर्व मनाया गया। विवि के अधिकारियों के साथ ही कर्मचारियों ने कृषि कार्य मे काम आने वाले सहित अन्य उपकरणों की पूजा अर्चना कर प्रदेश का प्रथम त्यौहार हरेली उत्साह से मनाया।

भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना बाद दरबार मे कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारियो ने बारी बारी से ने कृषि उपकरणों की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान कुलपति ने संगीत विवि की प्रगति, उन्नति के साथ निरंतर विकास की कामना की।

पूजा अर्चना दौरान प्रभारी कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी, सहायक कुलसचिव विजय कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ मंगलानंद झा, प्रभारी कुलपति सचिवालय सीपी गायकवाड़, अमित सिंह, प्रखर शरण सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### हरेली पर बच्चों ने हरियाली का दिया संदेश

**राजनांदगांव।** हरेली पर्व पर बच्चों ने हरे वस्त्र धारण कर प्रकृति प्रेमी होने की भावना प्रकट की। इतना ही नहीं अपनी टिफिन में भी हरी भोजन सामग्री को शामिल कर वातावरण को हरियाली से आच्छादित कर दिया। इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी के बच्चों ने हरेली पर्व की पूर्व संध्या पर हरियाली को मन-भावन बनाते हरे वस्त्र धारण किए। साथ ही बच्चों ने अपने प्रतिदिन के टिफिन में लाए जाने वाली भोजन सामग्री को भी हरियाली से सराबोर कर दिया। स्कूल शिक्षिका मिस्बाह सानिया, परमेश्वरी बाघमारे, आंचल योगी, अस्फिया नाज, आफरीन, किरण तिरपुरे, आकांक्षा साहू एवं आसनी ने बच्चों को पेड़-पौधों के चित्र उकेरना सिखाते पत्तों को हरे रंग से सजाना भी बताया। बच्चों ने अपने टिफिन में हरी इडली, हरी पुड़ी, हरा हलवा एवं हरे रंग के नमकीन लाया। तीन बच्चों का जन्म दिवस होने से उन्हें उपहार प्रदान किए गए।



### विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बेस्ट प्रैक्टिस सेल तथा आइक्यूएसी सेल के संयुक्त तत्वाधान में विश्व युवा कौशल दिवस 2025 थीम एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि आज के युग में युवा कौशल विकास का महत्व और भी बढ़ गया है। यह दिवस हमें सोचने और समझने का अवसर प्रदान करता है कि युवा पीढ़ी में कौशल और प्रतिभाओं का विकास कैसे किया जा सके। इस दिवस पर सत्यम ओझा, अशोक कुमार, शांति, वैशाली, तरुण, उज्ज्वल, गायत्री सहित विभिन्न छात्रों ने उक्त थीम पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि युवा अपने कौशल को अधिकतम रखने के साथ-साथ उनमें विविधताएं भी लेकर आए। जैसे नए भाषण सीखना, विभिन्न कलाओं में अपनी रुचिया विकसित करना और हमेशा नए-नए अनुभव एवं तकनीकों का अवलोकन करना। हमारे देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है, हम सब मिलकर कौशल विकास की यात्रा पर चले और अपने देश को एक नई ऊंचाइयों पर पहुंचने प्रतिबंध रहे।



### संस्कार सिटी में जागरूकता सेमीनार का आयोजन



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को छात्रों और अभिभावकों के लिए तीन व्यापक और महत्वपूर्ण जागरूकता सेमिनारों का आयोजन किया। यंग इंडियंस थालिर ग्रुप दुर्ग के विशेषज्ञ प्रशिक्षक नितिका अग्रवाल एवं फरजाना दानिश के सहयोग से आयोजित इन सेमिनारों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वर्तमान चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित, जिम्मेदार तथा डिजिटल रूप से सजग नागरिक बनाना था। विद्यालय की प्राचार्य रेखा तिवारी ने कहा कि हमारा मानना है कि बच्चों का समग्र विकास केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें उन्हें जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करना भी शामिल है। उक्त कार्यक्रम विभिन्न आयु वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते तीन विशिष्ट सत्रों में विभाजित किया गया। जिसमें सेफ एंड अनसेफ टच (कक्षा नर्सरी से 5वीं) छोटे बच्चों के लिए आयोजित कार्यशाला में उन्हें 'अच्छे स्पर्श' और 'बुरे स्पर्श' के बीच अंतर को सरल और संवेदनशील तरीके से समझाया गया। टीन टॉक (कक्षा 6 से 8) किशोरावस्था एक परिवर्तनकारी दौर होता है और इस सत्र ने इसी पर ध्यान केंद्रित किया। (कक्षा 9 से 12) जैसे-जैसे डिजिटल दुनिया का विस्तार हो रहा है, साइबर सुरक्षा का महत्व बढ़ता जा रहा है।

### पार्षद ने निगम कर्मियों को किया रैनकोट वितरित

**राजनांदगांव।** नगर निगम के कर्मचारी चाहे सफाई विभाग के हो या अन्य विभाग के हो, पानी में भीगते कार्य करते हैं और कोई भी ऐसा अवसर नहीं देते। जिससे जनता को किसी तरह की परेशानी हो। रात हो या दिन हो, ये लगातार काम के प्रति समर्पित रहते हैं। वार्ड नंबर 29 की पार्षद न्यामत हुड्डा एवं पूर्व पार्षद अमीन हुड्डा ने अपने वार्ड के सफाई कर्मचारियों को पानी में भीगकर कार्य करते देख उन्होंने अपनी तरफ से रैनकोट वितरण करने की इच्छा जताई। इसी इच्छा के तहत उन्होंने सोमवार को टांकाघर में कर्मचारियों को रैनकोट का वितरण किया। रैनकोट वितरित करते समय पूर्व महापौर हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष मुकेश साहू, पार्षद सतीश मसीह, पूर्व पार्षद महेश साहू, पार्षद प्रतिनिधि युवराज भारती, नेहाल नकवी एवं नगर निगम के कर्मचारीगण उपस्थित थे। टांकाघर में करीब 60 की संख्या में कर्मचारियों को रैनकोट वितरण किया गया। पूर्व में पार्षद ऑफिस में वाटर फिल्टर लगाया गया। जिससे आने-जाने वाले वाहन चालकों, ठेला चालकों, मजदूरों को ठंडा पानी पीने को मिलता है। हर साल हनुमान मंदिर में भंडारा कराकर उन्होंने एक मिसाल पेश की है।



### सौंदर्य प्रसाधन विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. नेतराम नवरतन के मार्गदर्शन में नकली सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के क्रय-विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के परिपालन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित 9 सौंदर्य प्रसाधन विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता जांच हेतु सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के नमूने भी लिए गए। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जांच टीम में सहायक औषधि नियंत्रक हिरेन मनुभाई पटेल, औषधि निरीक्षक प्रवीण कुमार चौबे शामिल थे।



## एलम के संकट पर भी जल विभाग के अफसरों को लगाई फटकार

# बैठक में भड़के आयुक्त, पूछाः बारिश में क्यों नहीं दे पा रहे दो टाईम पानी?

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज जल विभाग के अधिकारियों एवं वाल्वमेन की बैठक लेकर पेयजल सप्लाई के लिए व्यवस्था में सुधार करने दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई महत्वपूर्ण विषय है इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जल विभाग का पूरा अमला सामंजस्य बनाकर कार्य करे।

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से पेयजल सप्लाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। गर्मी में एनीकट में पानी की कमी तथा कुछ वार्डों में अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी नहीं आने संबंधी समस्या थी, लेकिन वर्तमान में वर्षा ऋतु में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद हम शहर में समुचित पेयजल सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी परिस्थिति का आत्म अवलोकन करें, हम सबकी लापरवाही से आज ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना है।



### टंकी भरने के बाद खोले वाल्व

आयुक्त विश्वकर्मा ने वाल्वमेनों से कहा कि टंकी पूरा भरने के पश्चात ही वाल्व चालू करें। किसी के कहने पर वाल्व से किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वाल्व खोलने के पश्चात पाईप लाइन लिकेज, कम पानी आने, पानी नहीं आने आदि का अपने-अपने क्षेत्र में जांच करेंगे और संबंधित अधिकारी को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि कई वाल्वमेन की शिकायत प्राप्त होती है कि उनके द्वारा कम चूडी खोला जाता है या बिना टंकी भरे पानी सप्लाई की जाती है। इस प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

### नहीं भर पा रही तीन टंकी

ट्रांसपोर्ट नगर, नवागांव, लखोली दीनदयाल नगर की टंकी पूरी नहीं भरने की जानकारी देने पर जल विभाग के अधिकारियों से टंकी वार चर्चा की। उन्होंने कहा कि टंकी भरने के समय सभी टंकी क्षेत्र के वाल्वमेन आपस में पूरी भरने की जानकारी रखे, भरने के पश्चात ही सप्लाई करें। आयुक्त विश्वकर्मा ने अधिकारियों से कहा कि सभी उप अभियंता अपने-अपने क्षेत्र के टंकियों की जानकारी रखें और किसी भी प्रकार की समस्या पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं।

### एलम भंडारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

आयुक्त ने क्लोरिंग, एलम, ब्लीचिंग आदि आवश्यक सामग्री के भंडारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एलम भंडारण में लापरवाही हुई है। जिसके कारण नगर निगम की छवि धूमिल हुई है। आगे ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। सभी सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, अमृत मिशन की एजेंसी द्वारा प्लांट में किए जा रहे कार्यों की सतत मानिटरिंग करें।

### चेयरमेन ने कहा : नहीं मिलती जानकारी

जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू ने कहा कि टंकी समय पर नहीं भरने के कारण कम प्रेशर की शिकायत प्राप्त होती है। टंकी भरने के पश्चात ही पानी सप्लाई करें। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर मुझे एवं उस क्षेत्र के पार्षद को जरूर अवगत कराएं। वर्तमान में जो स्थिति निर्मित हुई थी। जिसकी जानकारी नहीं होने के कारण लोगों को बताना मुश्किल हो गया था।

### सामंजस्य बनाना जरूरीः आलोक

मोहारा के पार्षद एवं शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य आलोक श्रोती ने कहा कि कुछ दिनों से जो परेशानी आई है, उसमें जो भी समस्या है, उसका हम सबको मिलकर समाधान करना है। उन्होंने कहा कि फिल्टर प्लांट में लाईट बंद होने की समस्या भी आती है, कई बार लंबे समय तक लाईट बंद हो जाता है। जिसके कारण पेयजल सप्लाई में बाधा उत्पन्न होती है, इसके लिए विद्युत मंडल से चर्चा कर समाधान निकाले।

## आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से एक मकान की आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए, आग से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 20 हजार रुपए एवं राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 5 मकान आंशिक क्षति होने पर 20 हजार रुपए, अतिवृष्टि से एक पशु शेड आंशिक क्षति होने पर 3 हजार रुपए तथा छुरिया तहसील अंतर्गत नाला के बहते पानी में डूबने, डबरी के पानी में डूबने, तालाब के पानी में डूबने से 3 जनहानि होने पर 4-4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को स्वीकृत की गई है।

## पंचायत परिवार ने दी आर्थिक सहायता राशि



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत डीलापहरी के पंचायत भृत्य माखन वर्मा का आकस्मिक निधन हो जाने पर सरपंच, सचिव व पंचगण सभी ने मिलकर 22000 आर्थिक सहयोग उनकी बेटी गीता वर्मा को प्रदान किया गया।

## पौधारोपण के साथ सुरक्षित रखने का लिया जिम्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पेंड्री छत्तीसगढ़ में हरियाली पर्व के पावन अवसर पर युवा शक्ति सेवा संगठन के युवाओं द्वारा जन सहयोग से वृहद वृक्षारोपण किया। इसमें एक-एक व्यक्ति द्वारा एक-एक पौधा और उनके सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाया गया।

इसकी सुरक्षा का पूरा जिम्मा जिला युवा शक्ति सेवा संगठन ने लिया। जिसमें जनसमुदाय से विशेष रूप से इस वृक्षारोपण के लिए सहयोग मिला।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, सरपंच भोजराम ठाकुर, पंचगण सतगुरु कबीर आश्रम पेंड्री के महंत सेवादास साहेब, युवा शक्ति सेवा संगठन के अध्यक्ष दुर्गेश साहू, हीरेन्द्र साहू, रुद्र शुक्ला सहित युवा टीम, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ओवरब्रिज पर बन रहा स्थाई डिवाईडर विपरीत दिशा के चालकों से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चिखली ओवरब्रिज पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस विभाग द्वारा यहां अस्थाई डिवाइड बनाया गया था। लगभग 6 महीने तक किए गए इस प्रयोग से ओवरब्रिज के ऊपर होने वाली दुर्घटनाएं और मौत के मामले थम गए हैं। अब पुलिस विभाग द्वारा इस अस्थाई डिवाइडर की जगह स्थाई डिवाइडर का निर्माण कराया जा रहा है।

ओवरब्रिज के ऊपर पुलिस विभाग द्वारा डिवाइडर की व्यवस्था करने के बाद भी कुछ दोपहिया चालकों द्वारा रॉन्ग साइड से अपनी वाहन चलाई जाती है। जिससे अपनी साइट पर चल रहे वाहन चालकों के साथ दुर्घटना की संभावना रहती है । अब इस स्थाई डिवाइडर के बन जाने से विपरीत दिशा में वाहन चलाने वालों से छुटकारा मिलेगा और सभी वाहन कतारबद्ध चलेगी।



### समस्या आ सकती है सामने

ओवरब्रिज के ऊपर ट्रकों के खराब होने के चलते अस्थाई डिवाइडर हटाकर यातायात व्यवस्था बनाई जाती है, लेकिन अब स्थाई डिवाइडर बनने से यातायात व्यवस्था बनाने में समस्या भी सामने आ सकती है। हालांकि डिवाईडर को बीच बीच से कई जगह कट दिया जा रहा है। दूसरी ओर देखा जाए तो इस व्यवस्था से एक मार्ग ही जाम होगा और दूसरे मार्ग से आवागमन सुचारू रहेगा।

### निर्माण कार्य प्रगति पर

पुलिस विभाग द्वारा दुर्घटना रोकने प्रयोग के तौर पर की गई इस व्यवस्था के सफल होने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा भी यहां पर स्थाई डिवाइडर की मांग की जा रही थी, जिस पर स्टेट स्कूल साइट की ओर से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और डिवाइडर का निर्माण लगभग 35 मीटर हो चुका है। ओवरब्रिज के ऊपर कांक्रीट और पोल से बने अस्थाई डिवाइडर को थोड़ा-थोड़ा हटाकर लगभग एक फीट ऊंचा स्थाई डिवाइडर बनाया जा रहा है।

# महापौर ने किया जल संयंत्र गृह का आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जल संयंत्र गृह मोहरा में क्रमशः 10, 17 एवं 27 एमएलडी प्लांट के माध्यम से जल शोधनकर उच्च स्तरीय जलागार भरकर शहर में पानी सप्लाई किया जाता है। वर्तमान में अमृत मिशन योजनांतर्गत तेजेस एवं एसएमसी कंपनी द्वारा नियमानुसार प्लांट का संचालन संधारण किया जा रहा है। 22 जुलाई को दोपहर को रॉ-वाटर पाईप लाइन मरम्मत के कारण टंकी नहीं भर पाने पर शाम की पेयजल सप्लाई नहीं हो पाई।

शाम को पेयजल सप्लाई बाधित होने की जानकारी मिलने पर महापौर मधुसूदन यादव शाम को जल संयंत्र गृह मोहारा पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर पंप दुरूस्त रखने तथा एलम सहित अन्य आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भंडारण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने तेजस कंपनी के इंचार्ज नितिन पाटिल से कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते एलम का एक माह का स्टाक रखें और समय-समय पर सामग्री की उपलब्धता के आधार पर सभी सामग्री की पर्याप्त भंडारण रखे।



### एलम का किया गया भंडारण

श्री रामटेके ने बताया कि तेजस कंपनी द्वारा 15 मेट्रीक टन एलम भंडारण किया गया है। साथ ही नगर निगम द्वारा तेजेस कंपनी को 200 मेट्रीक टन एलम भंडारण हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि बारिश में शहरवारियों को शुद्ध पेयजल वितरण किया जा सके। कंपनी द्वारा तत्काल 50 मेट्रीक टन एलम भंडारण हेतु अतिरिक्त आदेश एमल फैक्टरी को दिया जा चुका है, जो अतिशीध्र भंडारण किया जाएगा।

# शराब परिवहन, बिक्री करने वाले तीन पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड में अवैध रूप से शराब का परिवहन करने के मामले के साथ ही अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर शराब बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रूप से शराब बिक्री व परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत असामाजिक तत्व एवं अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है।



### प्लास्टिक बोरी में रखा था शराब

पुलिस के अनुसार अन्य प्रकरण में आरोपी सत्तु सिन्हा 42 वर्ष निवासी विवेकानंद चौक वार्ड नंबर 3 मोतीपुर से जम्मू स्पेशल व्हिस्की अंग्रेजी शराब प्लास्टिक बोरी में रखा हुआ 21 नग कीमती 2520 रुपए को घटनास्थल मोतीपुर अभियुक्त की ए-टू-जेड खजानी दुकान अंबेडकर गली चौक चिखली से जब्त कर आबकारी अधिनियम की कार्रवाई किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक मनोज जैन, मिर्जा असलम, आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, वाहन चालक वर्मा एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

### मोपेड में ले जा रहा था शराब

जिसके तहत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी दामोदर कोसरे 30 वर्ष निवासी ग्राम भटगांव थाना घुमका के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे देशी मदिरा प्लेन शराब 20 नग कीमती 1600 रुपए घटनास्थल गठुला रोड छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पास आबकारी अधिनियम की कार्रवाई करते विधिवत जब्त किया गया। वहीं आरोपी सरजू विश्वकर्मा 42 वर्ष निवासी शीतला मंदिर रोड चिखली से अवैध रूप से बिक्री हेतु परिवहन कर रहे गोवा स्पेशल व्हिस्की अंग्रेजी शराब 20 नग कीमती 2400 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन को जब्त कर आबकारी अधिनियम की कार्रवाई किया गया।

# आत्मा की शक्ति को जाने और आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ जाएं : वीरभद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रख्यात जैन संत एवं मुनि विनय कुशल के सुशिष्य मुनि वीरभद्र (विराग ) जी ने कहा कि आत्मा अनंत शक्तिशाली है। हमने आत्मा की शक्ति को जाना ही नहीं है, उसकी ताकत को नहीं समझा है। यदि समझ गए तो आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ने से हमें कोई नहीं रोक सकता।

मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि तप की ताकत और आत्मा की अनंत शक्ति को हमने समझा ही नहीं है, जाना ही नहीं है। इस सूक्ष्म शक्ति को जाने बिना हम आत्म कल्याण के मार्ग में अग्रसर नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि भक्ति का कोई मूल्य नहीं होता। इसी तरह आराधना का भी कोई मूल्य नहीं होता। आज की दुनिया में हमने चकाचौध को ही भक्ति मान ली है। जबकि भक्ति इससे काफी अलग शांत व गूढ है। उन्होंने कहा कि हमें आत्मा की शक्ति को जानने के लिए आराधना की जरूरत होगी और हम इसके रहस्य को जान पाएंगे।



### जब इच्छा समाप्त हो जाए तो साधना के मार्ग में आगे बढ़ जाए

जैन बगीचे के नए हाल में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में मुनिश्री ने कहा कि आज भी ऐसे संत विद्यमान हैं, जो उच्च साधना वाले हैं। उन्होंने कहा कि जब इच्छा समाप्त हो जाए तो साधना के मार्ग में आगे बढ़ जाए। ऐसे जीव को फिर शरीर का मोह नहीं होता। भौतिक सुविधाएं उसे तुच्छ लगने लगती है और वह सिर्फ आत्मा को जागृत करने के लिए प्रयासरत रहता है। आत्मा को जगाने के लिए वह तपस्या में लीन रहता है।

## चांडक ने बैद्यनाथ धाम में किया जलार्पण

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डब्बू चांडक एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक शर्मा, सतीश राठी, गौरव अग्रवाल, बाबू सोनी, शालू सोनी, सौरभ सोनी, शशांक क्षत्रिय, पवन शर्मा, विजय राठी, गौरव शर्मा सहित 80 श्रद्धालु सुल्तान गंज से गंगाजल लेकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने शिवलिंग पर जल अर्पित कर विधि-विधान से बाबा की आराधना की और छतीसगढ़ प्रदेश की सुख-शांति और तरक्की की कमना की।





## निधन

### दूलेना देवी चंद्रवंशी



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पेंड्रीकला में 21 जुलाई छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के के पूर्णकालिक लोकसभा विस्तारक रहे संतोष चंद्रवंशी के पूजनीय माता श्रीमती दूलेना देवी चंद्रवंशी का स्वर्गवास हुआ है आयु 93 वर्ष की थी जिसका अंतिम संस्कार ग्राम पेंड्रीकला के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें आसपास के गांव एवं ग्रामीण जन, समाज के लोगों एवं परिजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रीमती दूलेना देवी चंद्रवंशी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में निःशुल्क भोजन और विश्राम की व्यवस्था,18 हजार से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



सावन माह की पवित्रता और शिवभक्ति की ऊर्जा इन दिनों अमरकंटक में विशेष रूप से देखने को मिल रही है। कबीरधाम जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में कांवड़िये भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए अमरकंटक पहुंच रहे हैं। इन श्रद्धालुओं के लिए मृत्युंजय आश्रम में चल रही भक्ति और सेवा की मिसाल आज प्रदेश भर में चर्चा का विषय बन गई है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल पर मृत्युंजय आश्रम में 6 अगस्त तक निःशुल्क सेवा केंद्र संचालित किया जा रहा है। इस सेवा केंद्र में कांवड़ यात्रियों को सुबह की चाय व नाश्ता, दोपहर और रात्रि का सात्विक भोजन, विश्राम स्थल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएँ बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में जिला बोल बम समन्वय समिति द्वारा अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में अब तक इस सेवा केंद्र से 85 बोल बम समिति के 18 हजार से अधिक कांवड़िये लाभान्वित हो चुके हैं। आज ही के दिन लगभग 2 हजार से अधिक कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बोल बम समन्वय समिति इस सेवा कार्य का संचालन कर रही है, जिसके सदस्य अनिल ठाकुर, दाऊवा गुप्ता, मंजीत बैरागी, निशांत झा, रामसिंह ठाकुर सहित अन्य सदस्य दिन-रात यात्रियों की सेवा में तत्पर हैं। कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि इतनी श्रद्धा और सम्मान के साथ यहां सेवा हो रही है कि हम खुद को विशेष महसूस कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार, जिन्होंने यह पहल की। अमरकंटक की घाटियों में गूंजते "बोल बम" के जयकारों के बीच यह सेवा केंद्र भक्ति, सेवा संवेदनशीलता का सुंदर संगम बन गया है। सावन के इस पावन महीने में अमरकंटक का यह दृश्य हर शिवभक्त के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन चुका है।

### अमरकंटक भक्ति और सेवा का अनुपम उदाहरण

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में जो सेवा अभियान आरंभ हुआ है, वह राजनीति से ऊपर उठकर एक जनसेवा का उदाहरण बन गया है। अमरकंटक में जहाँ शिवभक्ति की गूंज है, वहीं सेवा की यह मिसाल भी सभी को भावविभोर कर रही है। यह केंद्र केवल भोजन और विश्राम का नहीं, बल्कि आस्था, सहयोग और सामूहिक चेतना का प्रतीक बन गया है।

### शिवभक्तों की सेवा ही सच्ची शिव आराधना-उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

सावन माह की पवित्रता और भक्ति भावना को लेकर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांवड़ यात्रियों के लिए संचालित सेवा केंद्र पर अपने विशेष संदेश में कहा कि सावन माह भगवान शिव की आराधना का महीना है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, तप और समर्पण की चरम अभिव्यक्ति है। इस महीने में जो भी भक्त कठिन तपस्या करते हुए जलाभिषेक के लिए निकलते हैं, वे वास्तव में अपने जीवन में अध्यात्म और सेवा के मार्ग पर अग्रसर होते हैं। ऐसे में शिवभक्तों की सेवा करना, उनके लिए सुविधा प्रदान करना, यह किसी पूजा से कम नहीं, बल्कि सच्ची शिव सेवा है। उन्होंने आगे कहा कि कांवड़ यात्रा न केवल शारीरिक रूप से कठिन होती है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी यह एक बड़ी साधना है। हमारा दायित्व है कि इन श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो चाहे वह भोजन की हो, विश्राम की हो या स्वास्थ्य से जुड़ी किसी आपात स्थिति की। हमारा प्रयास यही है कि प्रत्येक श्रद्धालु पूरे विश्वास, श्रद्धा और संकल्प के साथ अपनी यात्रा पूरी कर सके और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करे।

### श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, हर मुख हर नर्मदे और बोल बम का नारा

कबीरधाम से आए सैकड़ों श्रद्धालु जैसे ही मृत्युंजय आश्रम पहुँचे, वहाँ जिला बोल बम समन्वय समिति के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हर भक्त के चेहरे पर संतोष, श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव झलक रहा था। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का सहयोग से यह केंद्र एक भक्ति तीर्थ में तब्दील हो गया है।

## कांवड़ यात्रियों ने तय कि गौरकांपा से मोहतरा की यात्रा, पुष्पवर्षा से शिवभक्तों ने किया भव्य स्वागत

# बोल बम और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ यात्रा के चौथे दिन मोहतरा पहुंचीं भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

माँ नर्मदा मंदिर,अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर कांवड़ यात्रा के चौथे दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों ने गौरकांपा स्थित शनिदेव मंदिर में पूज-अर्चना कर मोहतरा में यात्रा का आगमन हुआ। इस दौरान गौरकांपा, करपीकला, बम्हनदेई और मोहतरा में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, सामाजिक व हिन्दू संगठनों तथा क्षेत्रवासियों द्वारा भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान 3 सौ से अधिक कांवड़ यात्री भावना बोहरा के साथ उनकी इस यात्रा में सहभागी बनें हैं। सभी ने बड़े ही उत्साह और उर्जा के साथ बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ यात्रा की शुरुआत करते हुए तेज बारिश एवं जंगलों के रास्ते छत्तीसगढ़ वासियों एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के संकल्प के साथ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। यात्रा के पांचवे दिन मोहतरा से डोंगरिया महादेव तक कांवड़ यात्रा की जाएगी जहाँ डोंगरिया महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान पत्थलगांव की विधायक श्रीमती गोमती साय ने भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा और सभी कांवड़ यात्रियों का स्वागत कर उनके साथ पद यात्रा में शामिल हुईं और मंगलमय यात्रा के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

### पद यात्रा के दौरान भावना बोहरा ने शनि मंदिर में की पूजा अर्चना





इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि सबके जीवन में सुख-समृद्धि का वास हो हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो इसी कामना के साथ और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति, हमारी धार्मिक आस्था, परंपरा एवं रीति-रिवाजों से अवगत कराना हमारा उद्देश्य है। यह यात्रा मेरे लिए माँ नर्मदा और भोलेनाथ बाबा के प्रति कृतज्ञता का एक विनम्र प्रयास है और आज उनकी ही कृपा से हमारी यह पुण्य यात्रा शुरू हुई है। इस पदयात्रा के माध्यम से मैं पंडरिया विधानसभा और पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना करती हूँ। इस यात्रा में मेरे साथ सैकड़ों कांवड़ यात्री और शिवभक्तों ने भी मेरे इस संकल्प पूर्ति में अपना बहुमूल्य सहयोग निभाया है तो वहीं जिन क्षेत्रों से यह यात्रा गुजरी है वहां विभिन्न सामाजिक व हिन्दू संगठन, भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत कर हमारी इस यात्रा को बल दिया है जिसके लिए मैं सभी का आभार एवं अभिनंदन करती हूँ। यात्रा का चौथे दिन भी सभी के अंदर वही उर्जा और भगवान भोलेनाथ के प्रति भक्ति का संचार स्पष्ट दिखाई दे रहा है और सभी बोल बम के नारे लागते हुए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए निरंतर अपनी यात्रा पर गतिमान हैं। मुझे विश्वास है कि आपके साथ और भोलेनाथ के आशीर्वाद से यह यात्रा निश्चित ही सफल होगी। मुझे पूरा विश्वास है कि जिस संकल्प और छत्तीसगढ़ वासियों के जीवन में सुख-शांति और हमारे प्रदेश की समृद्धि के लिए यह हमारी यात्रा माँ नर्मदा एवं भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से जरुर पूरा होगा। डोंगरिया महादेव और भोरमदेव महादेव का जलाभिषेक कर इस यात्रा की समाप्ति होगी। सभी कांवड़ यात्रियों ने हर हर महादेव और बोल बम के नारे के साथ नव उत्साह और ऊर्जा के साथ भगवान भोलेनाथ और माँ नर्मदा के आशीर्वाद से दिन-प्रतिदिन हमारी यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है।

# मुंबई में चातुर्मास्य गोप्रतिष्ठा यज्ञ व्रत में शामिल होने कवर्धा से सैकड़ों श्रद्धालु रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ज्योतिर्मठ शंकराचार्य महराज के सीइओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया की यह आयोजन भव्य धार्मिक और विशाल स्तर मे आयोजित किया जा रहा है, उन्होंने आगे बताया कीर महाराष्ट्र के मुम्बई महानगर में अपना चातुर्मास्य व्रत सम्पन्न कर रहे हैं 'परमाराध्य' परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती '१००८' जी महाराज जिस कार्यक्रम मे कवर्धा से पुर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी और उमंग पाण्डेय के साथ लगभग 4 सौ भक्तगण जा रहे है,चतुर्मास्य स्थल कोरा केंद्र मैदान 2,3 आरएम भट्टर रोड, आदित्य कॉलेज के सामने, प्लस डायगोनेस्टिक सेंटर के बाजु मे बोरीवली पश्चिमी महाराष्ट्र मे आयोजित हो रहा है जहा यात्रा मे डॉ पवन कुमार मिश्रा,अतुल देशलहरा, डॉक्टर गोराज सिंह, बंटी तिवारी, निलू चंद्रवंशी, सोनू उपाध्याय, सनत साहू, देवा चौबे, अभिषेक पांडेय, दिनेश चंद्रवंशी, हरेंद्र राजपूत, शिव ठाकुर, रामरूप साहू, अशोक साहू, जनक साहू, विकास कुर्रे, खिलेश बंजारे, गजेंद्र कौशिक, महेन्द्र साहू, नरेश गुप्ता, किशन जायसवाल, रामकुमार ध्रुव, आनंद चंद्रवंशी, शेखर राजपूत, भागवत साहू, मोहन साहू, रोहित साहू, भुनेश्वर चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, रामु निषाद, कृष्णकुमार पाली, संजय चंद्रवंशी, चंदू यादव, लोरीक यादव, सहित सैकड़ो लोग कवर्धा से शामिल होने जा रहे है।

### श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में भजन संध्या कार्यक्रम



**हरिभूमि कवर्धा।** शहर के प्रसिद्ध विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने सुरो से बांधा समां अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा गीत-संगीत के लिए जाने-जाने वाले विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक विद्यालय में सुमधुर भजन संध्या एवं कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस आयोजन में सभी प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक स्वर से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस आयोजन में कक्षा 1ली से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने अपने सुरीले एवं कर्णप्रिय सुरों की प्रस्तुति दी। इस कड़ी में सर्वप्रथम कार्यक्रम का आगाज मन में बसाकर तेरी द्वारा किया गया। अगली कड़ी में क्रमशः विद्यार्थियों द्वारा ओ पापी मन हे, गोपाल कृष्ण करूँ आरती तेरी, ये चमक ये दमक, उठो सिया सिंगार करो, हर-हर शंभु, श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, रामचंद्र कह गये सिया से इस प्रकार के मनमोहक गीतों से दर्शकों में हर्षोल्लास छा गया। सभी ने आनंदपूर्वक इन प्रस्तुतियों का मजा लिया। एक ओर राम कृष्ण व शिव के गीत को दर्शको ने सराहा वहीं दूसरी ओर देवी के जसगीतों पर श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। अंततः छत्तीसगढ़ी के सुप्रसिद्ध जसगीत तोला दुर्गा कहौ के वो काली द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1लीं से 2रीं वर्ग के विद्यार्थियों में अन्वी चन्द्रवंशी को प्रथम, सौम्यल चन्द्राकर को द्वितीय तथा श्रेया राजपूत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं कक्षा 3रीं से 5वीं वर्ग में अपेक्षा द्विवेदी प्रथम, सोनल चंद्रा द्वितीय तो तीसरे पायदान पर क्रमशः विधि सोनी एवं माही चंद्रा ने प्राप्त किया। वहीं माध्यमिक स्तर में आयषी गौतम ने प्रथम, देवनंदनी रात्रे ने द्वितीय तो मनुश्री शुक्ला व आयुष वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल वर्ग में किरण कौशिक, स्नेहा राजपूत एवं आरिका माग्रे ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। रसोत्कटता के इस माहौल में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ ही बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है और ऐसे ही छोटे-छोटे आयोजनों से बड़े कलाकर का जन्म होता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ आदित्य चन्द्रवंशी और समस्त शिक्षकगण ने विद्यार्थियों की सुर साधना को सराहा।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति का उत्सव हरेली पर्व-विजय शर्मा

## नगर पालिका के तत्ववाधान में हरेली पर्व पर नारियल फेक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं नगर पालिका परिवार के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पहले त्यौहार हरेली के पावन अवसर पर कवर्धा में एक अनोखी और रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, विश्वहिंदू परिषद के चंद्रशेखर वर्मा उपस्थित रहे। विजय शर्मा ने हरेली पर्व पर नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आनंद लेकर नारियल फेंका व कार्यक्रम की शुरुवात कर सभी कवर्धा वासियों को हरेली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दिए साथ ही प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि हरेली केवल एक पर्व नहीं, यह छत्तीसगढ़ की आत्मा है। यह त्यौहार हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है खेत, किसान, बैल, हल, और हर वह चीज जो हमारी पहचान बनाती है। आज जब हम विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तब यह जरूरी है कि हम अपनी सांस्कृतिक नींव को न भूलें। हरेली जैसे पर्व हमें याद दिलाते हैं कि परंपरा और प्रगति साथ चल सकती है।

### विजेता प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया की इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखना और युवाओं को पारंपरिक खेलों से जोड़ना रहा। उन्होंने बताया की विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसने प्रथम पुरस्कार 3 हजार 1 रूपये नासिर ख़ान, द्वितीय पुरस्कार 2 हजार 1 रूपये, प्रवीण साहू तृतीय पुरस्कार 1 हजार 1 रूपये बालक जांगड़े को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन नगर पालिका परिषद कवर्धा व पार्षदगणों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार जताया और कहा कि भविष्य में भी ऐसे पारंपरिक आयोजनों को और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा ताकि छत्तीसगढ़ की संस्कृति जीवंत बनी रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका सभी जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया हरेली का त्यौहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव घोरपेंड्री बसनी भगतपुर धनेली मोहतरा कला पीपरमाटी कंझेटा कुंडा दामापुर सहित आसपास की क्षेत्र में हरियाली त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया सुबह से ही त्यौहार का उत्सव देखने को मिला घर-घर में छोटे-छोटे बालक बालिका हरियाली के पावन पर्व पर गेड़ी का आनंद उठाते हुए सड़क पर दिखा एवं किसान लोग अपने जीविका खेती किसानी का साधन का विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया हरियाली त्यौहार सबसे पहले त्यौहार है जिसका कुछ अलग अंदाज ही रहता है घर-घर में खाने का अनेक प्रकार का पकवान बनाया गया एवं खेल कूद का भी आयोजन क्षेत्र में हरियाली के पावन पर्व पर देखने को मिला कई जगह हरियाली के पावन पर्व पर पौधारोपण किया गया इस प्रकार क्षेत्र में हरियाली त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

**न्यायालय तहसीलार एवं सहायक सर्वेक्षण अधिकारी तहसील कवर्धा**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202505082400010-ब-121 वर्ष 24-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खड़ौदाखुर्द के राजस्व सर्वेक्षण हेतु राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन दिनांक 07.09.2018 को अधिसूचित किया गया है तथा छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के परिपत्र क्रमांक एफ 11-3/2024/7-1 नवा रायपुर दिनांक 08 जुलाई 2024 एवं सचिव छ.ग शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय नया रायपुर के पत्र क्रमांक /GENS-111420/2025-COM-Landrecord/2025 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 10.05.2025 के द्वारा कैडेस्ट्रल नक्शा का जियो-रिफ्रेंसिंग भू-सर्वेक्षण / भू-पुनःसर्वेक्षण कराने के संबंध में जारी दिशा-निर्देश अनुसार कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख से ग्राम खड़ौदा खुर्द के जियो रिफ्रेसिंग नक्शा में स्थल सत्यापन (Groun Truthing) निर्देशानुसार कार्यवाही हेतु कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) द्वारा आदेश दिनांक 16.05.2025 को सर्वेक्षण दल का गठन किया गया। निर्देशानुसार प्रकरण दर्ज कर निर्धारित प्रारूप-7 में अधिसूचना का प्रकाशन छ.ग. राजपत्र दिनांक 20.06.2025 को किया गया ।

गठित सर्वेक्षण दल द्वारा ग्राम खड़ौदाखुर्द के जियो-रिफेसिंग कैडेस्ट्रल मैप का सत्यापन कार्य (Groun Truthing) करने के पश्चात ग्राम खड़ौदाखुर्द के नक्शे में पुराने सर्वेक्षण संख्याक के अनुरूप नये सर्वेक्षण संख्याक (रि-नंबरिंग सूची प्ररूप-10) खानापूरी खसरा (प्ररूप-14), खानापूरी निस्तार पत्रक (प्ररूप-15), खानापूरी अधिकार अभिलेख निर्धारित प्रारूप में तैयार कर प्रस्तुत किया गया। जिसकी एक प्रति ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं न्यायालय तहसीलदार/कार्यालय सहायक सर्वेक्षण अधिकारी कवर्धा में रखी गयी है, जिस किसी को भी अभिलेख के अगलीकरण के संबंध में दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है तो दिनांक 31.07.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से लिखित रूप में अधो हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष या न्यायालय तहसीलदार कवर्धा में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 16/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 16.07.2025
पेशी तिथि - 31.07.2025

मुहर

तहसीलदार एवं सहायक
सर्वेक्षण अधिकरी कवर्धा

## कबीरधाम में 5.47 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित

# एक पेड़ मां के नाम महाअभियान का आज से शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण संरक्षण की दूरदृष्टि और जनसहभागिता पर आधारित विकास की भावना को साकार करने के उद्देश्य से कबीरधाम जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ आज से एक साथ पूरे जिले में किया जा रहा है। यह अभियान 30 जुलाई तक चलेगा और जिले के चारों विकासखंड बोड़ला, कवर्धा, पंडरिया और सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायतों एवं शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। इस महाअभियान में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से कबीरधाम पहुंचकर वृक्षारोपण में सहभागिता करेंगे और जनसामान्य को हरियाली, जलवायु संरक्षण और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश देंगे।

### 5.47 लाख पौधों का होगा रोपण, हर विकासखंड में विशेष लक्ष्य

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया अभियान के अंतर्गत जिले में कुल 5,47,112 पौधों का रोपण किया जाएगा, जिनमें से 4,67,000 पौधे ग्राम पंचायतों में एवं 80,112 पौधे शालाओं में लगाए जाएंगे। विकासखंडवार लक्ष्य इस प्रकार निर्धारित किए गए हैं। जिसमे बोड़ला विकासखण्ड में 1,39,600 पौधे पंडरिया विकासखण्ड में 1,67,058 पौधे, कवर्धा विकासखण्ड में 1,18,361 पौधे सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में 1,22,093 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विकासखंड में चार-चार क्लस्टर बनाकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। पौधों की आपूर्ति के लिए लालपुरकला, खुटू, मोहतराखुर्द, कुई, खाम्ही, रनजीतपुर, चंदैनी सलिहा और सहसपुर लोहारा की नर्सरियों को चिन्हांकित किया गया है, जहां से पौधों का उठाने के निर्देश दिए है।

### कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अभियान की तैयारियों की गहन समीक्षा की।

उन्होंने इसे एक भावनात्मक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहल बताते हुए इसे जिले के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से सफल बनाने का आह्वान किया है। कलेक्टर ने अभियान को सफल बनाने के लिए जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, वनमण्डलाधिकारी निखिल अग्रवाल, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, कृषि, सहकारिता, आदिवासी विकास विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक पौधे का रोपण सुनियोजित ढंग से हो, उसकी सुरक्षा और पालन-पोषण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों, स्कूलों और ग्राम पंचायत को दी जाए।

# सड़क सुविधा से वंचितः राशन लाने घाटी चढ़ते हैं ग्रामीण मुख्यालय तक पहुँचने 5 किमी की जानलेवा चढ़ाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुदूर

आजादी के 75 वर्षों बाद भी सेंदुरखार पंचायत के निवासी बुनियादी सड़क सुविधा के लिए तरस रहे हैं। पंडरिया विधानसभा का प्रथम मतदान केंद्र होने के बावजूद सेंदुरखार गांव तक पहुँचने का सीधा रास्ता न होकर केवल घाटी की खड़ी और पथरीली चढ़ाई है, जिससे होकर ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने जाना पड़ता है। वही सेंदुरखार पंचायत मुख्यालय ऊँची पहाड़ी और मध्यप्रदेश बार्डर पर स्थित है, जहाँ पहुंचने का सीधा रास्ता कुकदुर तहसील मुख्यालय से पुटपुटा होते हुए लगभग 23 किलो मीटर है। लेकिन पंचायत के आश्रित ग्राम बांगर, राहीडांड़, ऐरूनटोला और सांईटोला घाटी के नीचे स्थित हैं, जहाँ से सीधे पहुंचने के लिए मात्र 5 किमी का रास्ता है, परंतु यह रास्ता बेहद उबड़-खाबड़, पथरीला और खतरनाक है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि वे पक्की सड़क द्वारा पंचायत कार्यालय तक पहुँचना चाहें तो उन्हें 45 किमी का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जो समय, पैसा और श्रम तीनों में भारी पड़ता है। इसलिए अधिकांश ग्रामीण जान जोखिम में डालकर खड़ी चढ़ाई वाले रास्ते से ही राशन, जरूरी दस्तावेज या अन्य कामों के लिए सेंदुरखार जाते हैं। वही सरपंच श्रीमती ननकुशिया मराठा स्थानीय पंच रामदयाल श्याम और अन्य ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर पहले भी विधायक व प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क नहीं बनती, तब तक राशन वितरण का केंद्र नीचे आश्रित ग्रामों में किया जाए, ताकि बुजुर्ग, महिलाएं और बीमार लोगों को राहत मिल सके। वही स्थानीय शासन-प्रशासन से माँग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और स्थानीय विधायक से अपील की है कि इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। यह केवल सड़क नहीं, बल्कि सुरक्षा, सुविधा और सम्मान से जुड़ा मुद्दा है।

## खबर संक्षेप

### अगम अनंत बने कुण्डा कांग्रेस के प्रभारी



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर एवं जिला प्रभारी गुरु रुद्र कुमार पूर्व कैबिनेट मंत्री व जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी साहू के निर्देशन में पार्टी में संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल कमेटी, सेक्टर प्रभारी एवं बूथ कमेटी में योग्य व कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दिया जाना है। इसी कड़ी में कमेटी का गठन किया जाना है। इस कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर मूर्त देने के लिए ब्लॉक कांग्रेस क्षेत्र कुण्डा की जिम्मेदारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अगमदास अनंत को दिया गया। माना जा रहा है कि श्री अनंत के कुण्डा प्रभारी नियुक्त जाने से क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलेगी।

### जालेश्वर ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

**कवर्धा।** रायपुर के मैट्स यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस एवं इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के शोधार्थी जालेश्वर कौशिक निवासी कवर्धा ने कलांग रेंज मानसून रेन फॉल पोरकास्टिंग ओवर कबीरधाम ऑफ में छत्तीसगढ़ यूसिंग मॉडिफाइड बीपीएन मॉडल विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। यह शोधकार्य उन्होंने प्रोफेसर विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश चंद्राकर निर्देशन में पूर्ण किया। वे वर्तमान में जिला विपणन अधिकारी कार्यालय में सहायक प्रोग्रामर के पद पर कार्यरत हैं।

### कृषि महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 26 तक

**कवर्धा।** इंदिरा गांधी कृषि विवि अंतर्गत संचालित शासकीय व निजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बीएससी कृषि (ऑनर्स) में द्वितीय चरण के स्पॉट काउंसिलिंग बाद रिक्त सीट पर 12वीं परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर 26 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। काउंसिलिंग संबंधित अधिक जानकारी के लिए विवि की वेबसाइट को देख सकते हैं।

## निधन

### संतराम सिंह ठाकुर



**कवर्धा।** शासकीय चिकित्सालय से सेवानिवृत्ति प्रयोगशाला सहायक संतराम सिंह ठाकुर का 81 वर्ष की आयु में गुरूवार को आकस्मिक निधन होगा।अपने कार्यकाल में अपनी कार्य कुशलता एवं कुशल व्यवहार से मरीजों में एवं अपने अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारी में लोक प्रिय रहे सिंह बाबू के नाम से प्रसिद्ध श्री सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त हैं। वे दिशा पब्लिक स्कूल कवर्धा के संचालक संजय सिंह, ऋ षि सिंह एवं भूपेंद्र सिंह के पिता थे। वे अपने पीछे नाती पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतकों, समाज के लोगों तथा परिजनो ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जिला चिकित्सालय कवर्धा को आज मिलेगी सीटी स्कैन मशीन की सौगात

## उपमुख्यमंत्री शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल करेंगे सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के इतिहास में 25 जुलाई 2025 का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज होने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप तथा उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों से जिले के जिला अस्पताल कवर्धा में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा प्रारंभ की जा रही है।

इसका लोकार्पण शुक्रवार को दोपहर 1 बजे उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इसके साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले की 84 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन की व्यापक तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा की गई है। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तुर्रे को कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यंत्री श्री शर्मा के विशेष प्रयासो से जिला अस्पताल में सीटी स्कैन सुविधा के शुरू होने से जिले के हजारों जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को अब भारी राहत मिलेगी। पहले इस सुविधा के अभाव में मरीजों को निजी जांच केन्द्रों में महंगी जांच करवानी पड़ती थी या फिर उन्हें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई जैसे बड़े शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था।

अब यह सुविधा जिला अस्पताल में उपलब्ध होने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को महंगे इलाज की आवश्यकता में भारी खर्च से भी मुक्ति मिलेगी। यह स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जिले की एक बड़ी उपलब्धि है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक मशीन के उद्घाटन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले के लोगों के लिए एक सशक्त स्वास्थ्य ढांचे की दिशा में सशक्त कदम है।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में दोपहर 1.15 बजे ऑडिटोरियम सभागार में टीबी मुक्त पंचायतों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें इन पंचायतों के प्रतिनिधियों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। यह सम्मान टीबी मुक्त भारत अभियान में ग्राम स्तर पर किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सार्वजनिक सराहना का प्रतीक होगा।

### जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित




इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में कबीरधाम लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल, कृषक आयोग अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगरपालिका परिषद कवर्धा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, तथा भीजीएमएससी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष दीपक महस्के शामिल होंगे। जिला स्वास्थ्य समिति कबीरधाम के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन में जिलेभर के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और आमजन बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। जिला प्रशासन ने सभी आमंत्रित अतिथियों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में समय पर पहुंचकर सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

**परीक्षा:** जिले में 16 केन्द्रों पर आयोजित होगी परीक्षा, 5279 अभ्यर्थी होंगे शामिल

# व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई 2025 रविवार को किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक संपन्न होगी। कबीरधाम जिले में परीक्षा के लिए कुल 16 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 5,279 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केन्द्रो पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। परीक्षा की सुचारु और पारदर्शी तरीके से सम्पन्नता के लिए पुलिस नोडल अधिकारी के रूप में कृष्णा कुमार चन्द्राकर को नियुक्त किया गया है। व्यापम द्वारा परीक्षा केंद्रों पर कड़े दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता से बचा जा सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने व्यापम की सभी परीक्षाओं के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 16 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। इसमें पीजी कॉलेज कवर्धा, शासकीय राजमाता विजयराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा, संत कबीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दुर्गावती चौक, शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बस स्टैण्ड, स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर स्कूल कवर्धा, शासकीय नवीन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कचहरीपारा कवर्धा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल शक्ति वार्ड कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा, होली क्रॉस हायर सेकेंडरी स्कूल भोरमदेव रोड कवर्धा, होली किंगडम इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल तारों लालपुरकला राजमहल परिसर कवर्धा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खैरबनाकला, अशोका पब्लिक स्कूल छिरहा, रायपुर रोड कवर्धा, श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बिरकोना, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल पिपरिया, सरस्वती शिशु मंदिर राजनांदगांव रोड कवर्धा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### व्यापमं ने परीक्षाओं में नकल रोकने सख्त और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए




छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस बार सख्त दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं। व्यापम अध्यक्ष द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि व्यापम की परीक्षा में जारी सभी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। व्यापम द्वारा 27 जुलाई को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले में इसके लिए कुल 16 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 5279 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारु संचालन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिनका उल्लंघन करने पर अभ्यर्थी की परीक्षा निरस्त की जा सकती है।

### व्यापमं की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए जरूरी हिदायतें

परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जिससे फ्रिस्किंग और सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। यह परीक्षा प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ होगा अतः मुख्य द्वार प्रातः 10.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनें तथा फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनकर आना सुनिश्चित करें। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी।



# मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति चिल्फी ने की 110 किलो मीटर की कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति चिल्फी द्वारा सावन मास में आयोजित 110 किलोमीटर की कावड़ यात्रा सोमवार को कामिक एकादशी को भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के साथ सम्पन्न हुई। मां सिहवाहिनी बोल बम समिति चिल्फी के 53 कावड़ियों के दल ने मध्यप्रदेश के मण्डला से मां नर्मदा के पवित्र जल कांवड़ में भरकर पांच दिवसीय कठिन पदयात्रा के बाद सरस्वती शिशु मन्दिर स्थित शिव मन्दिर चिल्फी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। उल्लेखनीय है कि कावड़ यात्रा को भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा प्राप्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम माना जाता है। माना जाता है कि श्रावण मास में कांवड़ यात्रा करने से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त, यह यात्रा भक्तों के मन को शुद्ध करती है और उन्हें आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह यात्रा समिति द्वारा लगातार पिछले 27 वर्षों से आयोजित की जा रही है। इस बार यात्रा में विशेष उत्साह देखने को मिला। मार्ग भर श्रद्धालु ग्रामीणों, धर्मप्रेमियों ने विभिन्न स्थलों पर कावड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। फल, शीतल जल की व्यवस्था जगह-जगह कावड़ियों के लिए की गई थी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा के दौरान भगवा रंग में रंगे कावड़ियों के जयकारे और बोल बम के गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा के समापन अवसर पर मां सिहवाहिनी बोल बम समिति चिल्फी ने सभी सहयोगियों एव श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भविष्य में भी और अधिक संख्या में सनातन धर्म के प्रचार के लिए ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे। आने वाले समय में और अधिक संख्या में लोगों को इस यात्रा में शामिल करने के लिए प्रयास किया जाएगा ताकि सनातन धर्म को बढ़ावा मिल सके।

# डिप्टी सीएम से चर्चा के बाद बजरंग दल का आंदोलन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

तथा कथित मारपीट के मामले में गौ रक्षकों तथा बजरंगदल के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के मामले को लेकर बजरंगदल द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन कवर्धा विधायक व प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा से मामले को लेकर चर्चा और प्राप्त आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया है। इस संबंध में विहिप के जिला मंत्री मनोज ठाकुर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कवर्धा में हुई दुर्भाग्य जनक मारपीट की घटना तथा कुछ लोगों के ऊपर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के विरोध में बजरंगदल द्वारा गिरफ्तार किए गए गौरक्षक तथा बजरंगदल के कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा में अनिश्चितकालीन आन्दोलन किया जा रहा है। जिसके संदर्भ में विश्व हिंदू परिषद तथा नगर के गणमान्यों की एक बैठक प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के साथ आयोजित की गई। बैठक में हुई सारगर्भित चर्चा में गृहमंत्री ने आंदोलनकारियों की पर अपनी सहमति देते हुए कार्यकर्ताओं के विरूद्ध दर्ज प्रकरण वापस लिए जाने तथा आगे कोई भी कार्यवाही नही किए जाने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद बजरंग दल ने अपना आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया है।

# छात्रों ने स्कूल में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया हरेली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ के प्रमुख पारंपरिक त्यौहार हरेली को गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल बांधाटोला, में 23 जुलाई 2025 को पूरे उत्साह और सांस्कृतिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व राज्य की कृषि परंपरा, हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रमुख डॉ भूपेंद्र चंद्राकर द्वारा दीप प्रज्वलन एवं कृषि उपकरणों की पूजा से की गई। इस अवसर पर छात्रों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में लोकनृत्य एवं हरेली त्यौहार संबंध में भाषण प्रस्तुत किए गए। जिससे छात्रों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति और कृषि परंपरा के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हरेली हमें प्रकृति से जुड़ने, पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अपने सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाने का अवसर प्रदान करता है।

## समस्या...




**कवर्धा।** वर्षाकाल के इस सीजन में कवर्धा नगर की सड़कों में लगातार बढ़ रही आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी।

**हरेली पर बच्चों ने लिया गेंड़ी का आनंद, युवाओं के बीच नारियल फेंक स्पर्धा**

# परम्परागत ढंग से मनाया गया हरेली का त्यौहार: लोगों में पर्व को लेकर दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रावण मास के अमावस्या को मनाए जाने वाला छत्तीसगढ़ लोक परम्परा का पहला पर्व हरेली कवर्धा नगर सहित समूचे जिले में 24 जुलाई गुरूवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हालांकि पर्व की रौनक नगरीय क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा रही और ग्रामीण कृषकों तथा बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

पर्व के मौके पर जहां कृषकों ने अपने पशुधन व कृषि उपकरणों की पूजा अर्चना की वहीं महिलाओं ने घर की रक्षा के लिए दिवारों पर गोबर से तांत्रिक वीरों की आकृति उकेरी। बच्चों ने गेड़ी बनाई और उसका आनंद लिया तो युवा वर्ग ने नारियल फेंककर अपने बाहुबल का प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति हर मौसम में विभिन्न प्रकार के त्यौहारों के माध्यम से अपनी निराली छटा बिखेरती है। इन सब में श्रावण मास का विशेष महत्व है। यह महिना मिट्टी की सौंधी गंध के साथ त्यौहारों का सिलसिला प्रारंभ करता है। इस मास का पहला त्यौहार हरेली छत्तीसगढ़ में रहने वालों के लिए विशेष महत्व रखता है। आज के दिन कृषक कृषि कार्य के पूरा होने की खुशी में अपने पशुधन व कृषि उपकरणों की पूजा कर गुड़हा चिला व गुलगुला का प्रसाद चढ़ाकर ईश्वर से अच्छी फसल की कामना करते हैं। हरेली के त्यौहार का बच्चों ने गेड़ी का तथा युवाओं ने नारियल फेंककर मजा लिया। घर परिवार के लिए समर्पित महिलाओं ने बाहरी बलाओं से रक्षा के लिए अपने घर दिवारों में गोरब से तांत्रिक वीरों की आकृति बनाई।

पशु धन की सेवा करने वाले यादव इस दिन अपने मालिकों के घर नीम तथा जंगली वनस्पति की डाली गौशाला व दरवाजे पर खोंचते हैं। जिसके एवज में मालिक ठाकुरों द्वारा उन्हें अनाज व रूपये बतौर उपहार दिया जाता है। ग्रामीण अंचलों में हरेली पर्व को और भी वृहद रूप में मनाते हैं। हरेली की रात में तांत्रिक व जादूटोना करने वाले लोग अपने मंत्रों को नया करते हैं। इसलिए इस रात को ग्रामीण गांव या घर से बाहर नहीं निकलते।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरेली के दिन पशुओं की रक्षा के लिए मिट्टी के काले पात्र पराई में बंदन व तेल अर्जुन के बारह नाम लिखकर गौशाला में टांगने से पशुओं में खुरहा रोग नहीं होता। इस दिन कोठा में नारियल भी बांधा जाता है। गांव बैगा तथा तांत्रिक गांव की रक्षा के लिए गांव के सरहद को तांत्रिक क्रियाओं से बांधते हैं। उन्होंने बताया कि हरेली का पर्व मुख्य रूप में कृषि पर आधारित है।

# हरेली त्यौहार पर पौध रोपण कर लोगों को पर्यावरण के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया के साथ मेट्रो स्टूडियो के संचालक कुमार चन्द्रवंशी ने गुरुवार सुबह अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने सुपुत्र मयंक चन्द्रवंशी के साथ पाड़ी मार्ग में कदम्ब का एक पौधा रोपित कर लोगों को पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। श्री चन्द्रवंशी प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन के अवसर पर समिति के साथ पौधा रोपित करते हैं। गुरुवार को ही नगर के दिव्या फोटो स्टूडियो के संचालक शंकर गुप्ता व उनके सुपुत्र संस्कार गुप्ता ने हरेली पर्व के अवसर पर समिति के साथ पाड़ी मार्ग में बेल का एक पौधा रोपित कर लोगों से पौधारोपण करने की अपील की। उनके द्वारा जन्मदिन, सालगिरह सहित अनेक अवसरों पर समिति के साथ पौधारोपण किया जाता है। श्री गुप्ता ने सभी लोगों से पौधारोपण करने तथा उसे संरक्षित करने की अपील की है। इस अवसर पर समिति के मोहन राजपूत, अनुराग सिंह ठाकुर, गोविंद रजक, चंद्रप्रकाश राजपूत, एसएल कुर्रे, राजीव श्रीवास्तव, मुकेश कौशिक, आशीष मिश्रा, हमीद खान, मयंक, संस्कार सहित अनेक लोग उपस्थित उपस्थित थे।